वर्ष : 34 | अंक : 219 | मुंबई, गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD
# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

- लगातार बढ़ रहा है कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन का स्तर
- आईआईटी बॉम्बे की रिपोर्ट में खुलासा

### IIT बॉम्बे का अध्ययन, सैटेलाइट से मिली 'चेतावनी'


अध्ययन का नेतृत्व प्रोफेसर मनोरंजन साहू और रिसर्चर आदर्श अलगड़े ने किया। उन्होंने सैटेलाइट से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग करते हुए दिल्ली और मुंबई में ग्रीनहाउस गैसों का तुलनात्मक विश्लेषण किया। कार्बन डाइऑक्साइड के लिए नासा की ऑर्बिटिंग कार्बन ऑब्जर्वेटरी-2 (OCO-2) और मीथेन के लिए यूरोपियन स्पेस एजेंसी की सेंटिनल-5पी सैटेलाइट से आंकड़े लिए गए। नतीजों में पता चला कि दोनों शहरों में इन गैसों की मात्रा लगातार बढ़ रही है, और यह वृद्धि मौसमी और क्षेत्रीय दोनों रूपों में असमान है। अर्थात, सर्दियों और गर्मियों में प्रदूषण के स्रोत और तीव्रता अलग-अलग हैं।

# दिल्ली-मुंबई की हवा में जहर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली और वित्तीय राजधानी मुंबई की हवा में अब सिर्फ धूल नहीं, जहर भी घुल चुका है। IIT बॉम्बे की ताजा स्टडी में यह बड़ा खुलासा हुआ है कि इन दोनों शहरों में कार्बन डाइऑक्साइड (CO) और मीथेन (CH) जैसी ग्रीनहाउस गैसों का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। यहभविष्य में जलवायु और सेहत, दोनों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। अध्ययन ऐसे समय में सामने आया है जब दिल्ली की वायु गुणवत्ता पहले से ही खराब श्रेणी में है। बुधवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 201 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। एक दिन पहले यह 211 था और विशेषज्ञों का अनुमान है कि शुक्रवार तक यह बढ़कर 346 तक पहुंच सकता है यानी 'बहुत खराब' श्रेणी। यह गिरावट बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए सीधा खतरा है। प्रदूषण बढ़ने से अस्थमा, हार्ट डिजीज़ और फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियों के मामले बढ़ सकते हैं।

### 'मध्यम' श्रेणी की हवा में बढ़ा जहर




मुंबई में भी हालात बेहतर नहीं हैं। मानसून की वापसी के बाद शहर का औसत AQI 153 रहा, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है, लेकिन फिर भी स्वास्थ्य के लिहाज से हानिकारक है। यह आंकड़ा शहर के 30 में से 25 निगरानी केंद्रों से लिए गए डेटा पर आधारित है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुंबई में प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत वाहन उत्सर्जन, औद्योगिक अपशिष्ट और ठोस कचरे का जलना है।

### मीथेन के 'हॉटस्पॉट' सबसे बड़े खतरे

अध्ययन में पाया गया कि मीथेन के 'हॉटस्पॉट' मुख्य रूप से उन इलाकों में हैं जहां कचरे के ढेर, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स और औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं। इन जगहों से निकलने वाली गैसें वातावरण में ग्रीनहाउस प्रभाव को कई गुना बढ़ा रही हैं। मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड से लगभग 28 गुना ज्यादा शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस मानी जाती है, जो पृथ्वी के तापमान को तेजी से बढ़ा सकती है। शोधकर्ताओं ने भविष्य में गैसों के स्तर का अनुमान लगाने के लिए सीजनल ऑटोरेग्रेसिव इंटीग्रेटेड मूविंग एवरेज (SARIMA) मॉडल का उपयोग किया। यह मॉडल समय के साथ बदलते आंकड़ों का विश्लेषण कर यह अनुमान लगाता है कि आने वाले महीनों में कौन-से इलाकों में गैसों का स्तर और खतरनाक हो सकता है।

# कैंसर से जंग हार गए 'महाभारत' के कर्ण

- कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद पंकज धीर ने दुनिया को कहा अलविदा
- सलमान खान समेत सितारों ने दी अंतिम विदाई



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बीआर चोपड़ा के यादगार टेलीविजन शो महाभारत में कर्ण की भूमिका निभाने वाले एक्टर पंकज धीर का निधन हो गया है। पंकज धीर टेलीविजन इंडस्ट्री के उन सितारों में से हैं जिनके किरदार आज भी दर्शकों के दिलों में बसे हैं। पंकज ने 68 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। पंकज सिल्वर स्क्रीन का वो चेहरा थे जिन्होंने छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक काम किया। उनका एक किरदार दर्शकों के दिल में छपा वो था महाभारत में कर्ण का जो फैन्स के जहन में आज तक जिंदा है।

### दिग्गज एक्ट्रेस और डांसर मधुमती का भी निधन



दिग्गज एक्ट्रेस और क्लासिकल डांसर मधुमती का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। सिनेमा की दुनिया में उन्होंने अपनी अनोखी पहचान बनाई थी और उन्हें उनके दौर की महान परफॉर्मर्स जैसे हेलेन से भी तुलना की जाती थी। मधुमती अपनी बेहतरीन डांस स्किल्स और अभिनय के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें आंखें, टॉवर हाउस, शिकारी, मुझे जीने दो जैसी फिल्में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### वांगचुक की रिहाई पर 29 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग वाली याचिका पर 29 अक्तूबर तक के लिए सुनवाई स्थगित कर दी। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने अदालत में कहा कि वह याचिका में संशोधन कर एनएसए के तहत हिरासत में लिए जाने के आधार को चुनौती देंगे। जस्टिस अरविंद कुमार और एन.वी. अंजारिया की पीठ के समक्ष गीताजंलि जे. अंगमो की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह याचिका में संशोधन के लिए एक अर्जी दाखिल करेंगे और वांगचुक को हिरासत में रखे जाने के आधार को चुनौती देंगे।

### तालिबान-पाकिस्तान में 48 घंटे का युद्धविराम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगान तालिबान में हिंसक झड़पों के बाद बुधवार शाम 6 बजे से 48 घंटे का अस्थायी युद्धविराम लागू हो गया है। माना जा रहा है कि यह युद्धविराम कतर और सऊदी अरब के हस्तक्षेप के बाद हुआ है। पाकिस्तान ने इन दोनों अरब देशों से तालिबान पर दबाव बनाने की अपील की थी। इससे पहले मंगलवार रात को दोनों पक्षों में एक बार फिर संघर्ष शुरू हो गया था। इस दौरान चमन बॉर्डर क्रॉसिंग पर भीषण गोलीबारी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों को भारी नुकसान पहुंचा है। तालिबान ने पाकिस्तानी सेना के टैंकों पर कब्जा किया है, जबकि कई सैनिकों को मार गिराने का दावा भी किया है।

### भारत में होगा कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन

**अहमदाबाद।** राष्ट्रमंडल खेल के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के प्रस्तावित मेजबान के रूप में अहमदाबाद के नाम की सिफारिश की और अंतिम फैसला 26 नवंबर को इसकी आम सभा की बैठक में लिया जाएगा। भारत को नाइजीरिया से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था लेकिन राष्ट्रमंडल खेल ने भविष्य के खेलों के लिए इस अफ्रीकी देश की मेजबानी की महत्वाकांक्षाओं को 'समर्थन और गति प्रदान करने के लिए एक रणनीति विकसित करने' का निर्णय लिया है, जिसमें 2034 खेलों की मेजबानी पर विचार भी शामिल है।

# सोलापुर से विमान सेवा शुरू

## मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया उद्घाटन



**सोलापुर/मुंबई।** सोलापुर हवाई अड्डे से मुंबई और बेंगलुरु के लिए नियमित विमान सेवा शुरू हो गई है। मुंबई-सोलापुर फ्लाइट शनिवार, रविवार, मंगलवार और बुधवार को संचालित होगी। सोलापुर से मुंबई के लिए फ्लाइट दोपहर 12.55 बजे रवाना होगी, जबकि मुंबई से सोलापुर वापसी फ्लाइट दोपहर 2.45 बजे होगी।सोलापुर-बेंगलुरु फ्लाइट शाम 4.15 बजे रवाना होगी और बेंगलुरु से सोलापुर वापसी फ्लाइट सुबह 11.10 बजे होगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कई वर्षों के इंतजार और बाधाओं के बाद सोलापुर से उड़ान सेवा का शुभारंभ हुआ है। यह कदम शहर के विकास, रोजगार और नए उद्योगों के विस्तार में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार से जुड़ने के लिए बेहतर हवाई कनेक्टिविटी आवश्यक है।

**पर्यटन और धार्मिक महत्व**

सोलापुर पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला है। जिले में पंढरपुर का विट्ठल रुक्मिणी मंदिर, सिद्धरामेश्वर और तुलजा भवानी जैसे तीर्थ स्थल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पवित्र स्थलों को जोड़ने के लिए हवाई सेवाएं बेहद जरूरी हैं।

# वसई-विरार के पूर्व नगर निगम प्रमुख की गिरफ्तारी 'अवैध'

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने रिहाई का दिया आदेश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को वसई-विरार नगर निगम के पूर्व आयुक्त अनिल पवार की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए उन्हें तत्काल रिहा करने का आदेश जारी किया। ईडी ने पवार को 169 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत मामले में जुलाई 2025 में गिरफ्तार किया था।



### याचिका और सुनवाई

पूर्व आयुक्त की ओर से ईडी की कार्रवाई के विरोध में दायर याचिका की सुनवाई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने की। पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के समय ईडी के पास कोई "ठोस सामग्री" नहीं थी और पूरा मामला कुछ आर्किटेक्ट और डेवलपर्स के बयानों पर आधारित था।

### अनिल पवार पर आरोप

अनिल पवार पर बिल्डरों और डेवलपर्स के साथ मिलीभगत का आरोप है, जिनके द्वारा वसई-विरार में 41 अवैध इमारतों का निर्माण किया गया था। पवार और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले दर्ज किए गए थे, जिसके बाद ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। ईडी ने जुलाई 2025 में अनिल पवार को गिरफ्तार किया था। आरोप था कि उन्होंने वसई-विरार सिटी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के आयुक्त के रूप में तीन वर्षों के दौरान 169 करोड़ रुपये की रिश्वत ली। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पवार अब रिहा हो चुके हैं और उनके खिलाफ चल रही जांच जारी रहेगी।

### गिरफ्तारी और विशेष अदालत के आदेश को रद्द

पीठ ने स्पष्ट किया कि 13 अगस्त को पवार की गिरफ्तारी अवैध थी और विशेष न्यायाधीश द्वारा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश भी रद्द किया जाता है। आदेश के बाद, ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने स्थगन की मांग की, जिसे उच्च न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया।

# भाजपा में शामिल हुए बविआ के पूर्व नगरसेवक और कार्यकर्ता

ओपी यादव | मुंबई/वसई

वसई विधानसभा क्षेत्र के बहुजन विकास आघाड़ी (BVA) के पूर्व नगरसेवक प्रदीपभाई नरसिंग पवार के साथ प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। यह प्रवेश समारोह 14 अक्टूबर को मुंबई स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाराष्ट्र भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र (दादा) चव्हाण के हाथों और वसई की विधायक स्नेहा दुबे पंडित की प्रमुख उपस्थिति में सभी नेताओं ने भाजपा में प्रवेश किया।



### ये हुए शामिल


भाजपा में प्रवेश करने वालों में बहुजन विकास आघाड़ी के पूर्व नगरसेवक और विशाल नगर रेजिडेंसी एसोसिएशन के प्रथम अध्यक्ष प्रदीपभाई नरसिंग पवार, नगरप्रमुख नंदकिशोर पवार, अधिवक्ता नैशाद पारिख, कैलास रांगणेकर (संपादक, चौफेर संघर्ष), सुधीर चौधरी (संपादक, दिव्य मानस), शिवम मिश्रा (साप्ताहिक युग प्रवास), चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रमोद व्यास सहित अनेक गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता शामिल थे।

### वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक स्नेहा दुबे पंडित के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष आ. रविंद्र चव्हाण, भाजपा प्रदेश महासचिव विधायक विक्रांत पाटिल, केरल प्रकोष्ठ महाराष्ट्र संयोजक उत्तम कुमार, भाजपा वसई-विरार जिला सरचिटणीस बिजेंद्र कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मैथ्यू कोलासो, भूपेश राऊत, राजेश नायर, संतोष घाग, राजू इसाई और नितीन ठाकुर जैसे वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### 'वसई का विकास और जनसम्मान हमारा ध्येय'

नए सदस्यों ने भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा और जनसेवा के संकल्प से प्रेरित होकर पार्टी में प्रवेश किया है। विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल हुए सभी कार्यकर्ता "वसई का विकास और जनते का सम्मान यही हमारा लक्ष्य है" इस संकल्प के साथ पार्टी के कार्यों में नई ऊर्जा के साथ योगदान देंगे।



# मुंबई एमवीए प्रतिनिधिमंडल की चुनाव आयोग से मुलाकात

**पारदर्शी चुनाव की मांग, 'वोट चोरी' पर जांच की अपील**

**मुंबई।** राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर सियासी हलचल तेज हो रही है। जिसके तहत बुधवार (15 अक्तूबर) राज ठाकरे सहित महाविकास आघाड़ी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ अहम बैठक की। इस दौरान सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की और 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच की मांग की।




### बैठक के बाद उद्धव ठाकरे का बयान

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, ₹2024 के विधानसभा चुनावों से पहले, एमवीए ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा था कि भाजपा मतदाता सूची में लोगों के नाम जोड़ रही है, क्योंकि वह आपके ध्यान में लाना चाहती है। हमने स्पष्ट रूप से कहा था कि जब तक ये खामियां दूर नहीं हो जातीं, चुनाव नहीं कराए जाने चाहिए।

### वोटर लिस्ट और 'वोट चोरी' रोकने की मांग

उद्धव ठाकरे ने आगे कहा, ₹एक और महत्वपूर्ण मुद्दा यह उठाया गया है कि 31 जुलाई तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वालों को ही मतदान करने की अनुमति होगी। 31 जुलाई की अंतिम तिथि अस्वीकार्य है। हमारा पहला ध्यान मतदाता सूची में सुधार और फिर वोट चोरी को रोकना है। हमें ईवीएम पर आपत्ति है। अब वे वीवीपैट का उपयोग नहीं करना चाहते हैं।

# माओवाद के अंत की शुरुआत : सीएम फडणवीस



- भूपति समेत 61 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किया आत्मसमर्पण

**गड़चिरोली।** केंद्र तथा राज्य सरकार के प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप गड़चिरोली में माओवादी केंद्रीय समिति के कई शीर्ष और कुख्यात नेताओं समेत कुल 61 नक्सली सदस्यों ने सशस्त्र आत्मसमर्पण किया। इनमें लंबी पृष्ठभूमि वाले कई वरिष्ठ कैडर और उच्च रैंक के सदस्य शामिल थे, जिन्होंने अपने साथ 54 अग्निशस्त्र तथा नक्सली वर्दी भी समर्पित की। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों का संविधान देकर लोकतंत्र की मुख्य धारा में स्वागत किया। इस अवसर पर साढ़े पाँच करोड़ रुपये से अधिक के इनामी नक्सल नेता भूपति (उर्फ मल्लोजुला वेणुगोपाल राव) ने अपने साथियों के साथ आत्मसमर्पण किया। भूपति माओवादी आंदोलनों के दिग्गज नेताओं में गिने जाते हैं और उनके आत्मसमर्पण को घटना के वाले ऐतिहासिक एवं प्रतीकात्मक महत्व के रूप में देखा जा रहा है।

# 48 साल बाद आरोपी गिरफ्तार

## 48 वर्षों से फरार था, हत्या के प्रयास का आरोप

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पुलिस ने कोलाबा इलाके से 71 वर्षीय चंद्रशेखर मधुकर कालेकर को गिरफ्तार किया, जो हत्या के प्रयास के मामले में पिछले 48 वर्षों से फरार था। कालेकर के खिलाफ यह मामला 1977 में दर्ज किया गया था।



### क्या है मामला?

1977 में, 23 वर्षीय कालेकर को अपनी प्रेमिका पर धोखा देने का शक हुआ और उसने कथित रूप से कोलाबा में उसे चाकू मार दिया। उस समय कालेकर को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उसे जमानत मिल गई। जमानत पर रिहा होने के बाद वह अदालत में कभी हाजिर नहीं हुआ, जिसके कारण अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया।

### पुलिस की लगातार कोशिशें

चॉल के पुनर्विकास और बार-बार ठिकाना बदलने के कारण पुलिस को उसे पकड़ने में दशकों तक सफलता नहीं मिली। छह महीने पहले कोलाबा पुलिस ने इस पुराने मामले को फिर से खोला और लालबाग स्थित उसके पुराने घर का दौरा किया। मुंबई के कई इलाकों और मतदाता सूची की जांच के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला।

### गिरफ्तारी में मदद मिली पुराने रिकॉर्ड से

जांच के दौरान आरटीओ और अदालती रिकॉर्ड में रत्नागिरी जिले के दापोली पुलिस स्टेशन में 2015 में दर्ज एक आपराधिक मामले का विवरण मिला। इसके आधार पर कोलाबा पुलिस ने कालेकर के घर का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

### कोर्ट में पेशगी और न्यायिक हिरासत

48 साल बाद गिरफ्तारी के समय कालेकर हैरान था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुरानी तस्वीरों से पहचान मुश्किल थी, लेकिन पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# भिवंडी पुलिस ने 100 गुम मोबाइल मालिकों को लौटाए

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

दिवाली के अवसर पर नारपोली पुलिस स्टेशन ने चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटाने का सराहनीय प्रयास किया। यह कार्यक्रम भिवंडी के पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे और सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगळे के मार्गदर्शन में नारपोली पुलिस स्टेशन परिसर में आयोजित किया गया। पुलिस ने चोरी और गुमशुदा मोबाइल फोन खोजने के लिए सहायक पुलिस निरीक्षक योगेश काकड और पुलिस शिपाई विजय विष्णू ताठे की विशेष टीम बनाई। CEIR पोर्टल और तकनीकी जांच के माध्यम से कुल 100 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित बाजार कीमत लगभग 15.50 लाख रुपए है।





### दिवाली पर विशेष समारोह

15 अक्टूबर को दिवाली के शुभ मुहूर्त पर इन मोबाइल फोन को शिकायतकर्ताओं को सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कादबाने, पुलिस निरीक्षक आनंद पाटिल और पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर कदम ने किया।

### नागरिकों और अधिकारियों की सहभागिता

कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक ज्योती पवार, विजय कांबळे, उत्तम पटेल, साहिल जाधव, रविंद्र भोसले और हुसैन सय्यद सहित लगभग 120-150 लोग उपस्थित थे। उन्होंने भिवंडी पुलिस और ठाणे पुलिस आयुक्तालय को धन्यवाद दिया और इस तत्परता की सराहना की।

### भविष्य में जारी रहेगी मुहिम

पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने बताया कि यह कार्रवाई ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, सह आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण और अपर पुलिस आयुक्त (पश्चिम प्रादेशिक विभाग) विनायक देशमुख के मार्गदर्शन में की गई। CEIR पोर्टल और आधुनिक तकनीकी जांच की मदद से चोरी और गुम मोबाइल खोजने की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

# डोंबिवली में प्लॉट बिक्री के नाम पर 20 लाख की ठगी

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

डोंबिवली पश्चिम के नवापाड़ा इलाके में फ्लैट बेचने के नाम पर तीन भू-माफियाओं ने पांच लोगों से कुल 20 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की। शिवदास आर्केड नामक इमारत में घर देने का झांसा देकर पैसे लेने के बावजूद न तो घर दिया गया और न ही रकम लौटाई गई। पीड़ित खरीदारों ने बार-बार पैसे वापस मांगने के बावजूद जब ठगों ने टालमटोल की, तो उन्होंने विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

भोईरवाड़ी निवासी अक्षय भारत पवार (33) की शिकायत पर पुलिस ने नागेश नारायण चिरमुले (मोथागांव), सुनील मधुकर



सावंत (भांडुप) और दिनेश कालू जोशी (डोंबिवली) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 333, 118(1), 115(1), 324(4), 351(2) सहित अन्य प्रावधानों के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ठगी के शिकार नागरिकों में पांडुरंग येडगे, चंद्रकांत येडगे, अक्षय पवार, कुलदीप मालुसरे और राजेंद्र खोड्डे शामिल हैं।

### निर्माणाधीन इमारत में रजिस्ट्री का झांसा

घोटाला अक्टूबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच नवापाड़ा स्थित सर्वे क्रमांक 245-1 के शिवदास आर्केड हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में हुआ। माफिया नागेश चिरमुले ने खुद को डेवलपर और ज़मीन मालिक दिनेश जोशी का प्रतिनिधि बताते हुए पांचों खरीदारों को फ्लैट बेचने का दावा किया। अक्षय पवार ने श्री स्वामी समर्थ एंटरप्राइजेज के नाम से चिरमुले को 5 लाख रुपए का चेक दिया था, जबकि अन्य खरीदारों ने मिलकर कुल 15 लाख 50 हजार रुपए का भुगतान किया। दिसंबर 2024 में जब सभी खरीदार घर का कब्जा लेने पहुंचे, तो नागेश चिरमुले ने ज़मीन मालिक और डेवलपर के बीच विवाद का बहाना बनाकर कब्जा देने से इनकार कर दिया। उसने सभी को यह कहकर टाल दिया कि विवाद सुलझने के बाद मकान दिया जाएगा। लेकिन कई महीनों तक कोई प्रगति नहीं हुई और खरीदारों द्वारा दिए गए लाखों रुपए के चेक भी बैंक में क्लियर नहीं हुए।

# ठाणे के सभी स्कूल होंगे स्मार्ट

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिला प्रशासन के समन्वय में आयोजित जिला विकास दिशा समिति की बैठक में सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने केंद्र सरकार की योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक समय पर पहुँच सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी स्कूलों को 'स्मार्ट स्कूल' बनाने और स्मार्ट स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। सांसद शिंदे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा करने का सुझाव दिया। उन्होंने ठाणे जिले में ई-कचरे और ठोस कचरे के प्रभावी प्रबंधन, विशेष रूप से मलंगढ़,

### जिला विकास दिशा समिति की बैठक में सांसद श्रीकांत शिंदे ने दिए निर्देश



भिवंडी-निजामपुर नगर निगम और अन्य क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्रवाई करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। शाहपुर तालुका में पानी की कमी को दूर करने के लिए भी तत्काल कार्रवाई की हिदायत दी गई।

### विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन और समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-यू, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, एकीकृत ऊर्जा विकास योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, आदर्श ग्राम योजना और जल जीवन मिशन सहित कई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

### स्कूलों में सुधार और स्मार्ट स्कूल पहल

कल्याण डोंबिवली नगर निगम के अंतर्गत जिला परिषद के 27 गाँवों के 18 स्कूलों का समायोजन किया गया। सांसद ने आयुक्त आशीष गोयल को निर्देश दिए कि वे इन स्कूलों को स्मार्ट बनाने के लिए विशेष पहल करें। जिला परिषद के कुल 1,329 स्कूलों में मरम्मत और सुधार के लिए पहले ही 57.75 करोड़ रुपए की निधि उपलब्ध कराई गई थी। अब सभी स्कूलों को स्मार्ट बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए की नई निधि योजना तैयार की जाएगी। दिशा परियोजना के कारण विद्यार्थियों की संख्या में 12 प्रतिशत वृद्धि और उनके अध्ययन स्तर में सुधार हुआ है।

### दिशा समिति का उद्देश्य और सक्रियता

जिला कलेक्टर एवं सदस्य सचिव डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने बताया कि जिला प्रशासन सभी संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कर रहा है और दिशा समिति आम नागरिकों के कल्याण के लिए निरंतर सक्रिय है। सांसद एवं सह-अध्यक्ष नरेश म्हस्के ने भी कार्यों की तीव्र गति सुनिश्चित करने और केंद्र सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

# मोहम्मद अली ढाबा में तोड़क कार्रवाई, अवैध निर्माण ध्वस्त



**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका के प्रभाग समिति क्रमांक 3 के धामनकर नाका क्षेत्र में मंगलवार को अतिक्रमण विरोधी पथक ने मोहम्मद अली ढाबे के अंदर किए गए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई प्रभाग अधिकारी सुरेन्द्र भोईर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार, ढाबे के अंदर मनपा की अनुमति के बिना पक्की दीवारें खड़ी की गई थीं। शिकायत मिलने के बाद प्रभाग अधिकारी ने स्थल निरीक्षण किया और निर्माण को अवैध ठहराते हुए तुरंत तोड़फोड़ का आदेश दिया। मनपा कर्मचारी और तोड़क दस्ते मौके पर पहुंचे और अधिकारियों की मौजूदगी में दीवारों को तोड़ा, तथा अवैध निर्माण को पूरी तरह जमीनदोज़ कर दिया गया।

### मनपा का सख्त रुख

प्रभाग अधिकारी सुरेन्द्र भोईर ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनपा की भूमि और सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर तात्कालिक तोड़क कार्रवाई की जाएगी।

# गोरेगांव में फ्लैट में लगी आग, दो घायल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



विवेक कॉलेज के पास सिद्धार्थ नगर स्थित अतुल सोसाइटी के फ्लैट नंबर 203 में बुधवार सुबह करीब 4 बजे आग लग गई। घटना के समय निवासी गहरी नींद में थे, जिससे आग के फैलने पर पता नहीं चल सका। आग से पूरी इमारत धुएँ से भर गई। धुएँ के कारण रमीला साहा (65) और क्रुणाल साहा (40) को सांस लेने में दिक्कत हुई। दमकलकर्मी उन्हें तुरंत पास के कोकिलाबेन अस्पताल ले गए, जहाँ उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई गई है और उनका इलाज गहन चिकित्सा कक्ष में चल रहा है। दमकलकर्मी सुबह साढ़े चार बजे आग पर काबू पाने में सफल रहे। आग ने बिजली व्यवस्था, एयर कंडीशनिंग सिस्टम, लकड़ी के फर्नीचर, गद्दे, बिस्तर, किताबें और अन्य घरेलू सामान को नष्ट कर दिया, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

**केरल इंजीनियर आत्महत्या मामला**

# युवा कांग्रेस का आरएसएस और भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में यौन शोषण का आरोप लगाकर केरल के युवा आईटी इंजीनियर आनंदू अजी ने आत्महत्या करने की घटना पर महाराष्ट्र प्रदेश युवा कांग्रेस और मुंबई युवा कांग्रेस ने दादर स्थित कांग्रेस मुख्यालय तिलक भवन में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा सरकार के खिलाफ तीव्र नारेबाजी की। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवराज मोरे और मुंबई युवा कांग्रेस की अध्यक्ष जीनत शबरीन के नेतृत्व में आयोजित आंदोलन में सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। पुलिस ने सुरक्षा के लिए सुबह से ही तिलक भवन को चारों ओर से घेर लिया, जिससे परिसर पुलिस छावनी में बदल गया। बावजूद इसके, पुरुष और महिला कार्यकर्ताओं ने लगभग एक घंटे तक प्रदर्शन जारी रखा।

### नेताओं की प्रतिक्रिया

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवराज मोरे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विकृत चेहरा इस प्रकरण से उजागर हुआ है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मुंबई युवा कांग्रेस की अध्यक्ष जीनत शबरीन ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करना हर नागरिक का अधिकार है। भाजपा सरकार पुलिस के माध्यम से आंदोलन दबाने का प्रयास कर रही है, जिसका हम घोर विरोध करते हैं। केरल के इंजीनियर आनंदू अजी द्वारा लगाए गए आरोप अत्यंत गंभीर हैं, उनकी गहन जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# मुंबई का पहला 'सी फूड प्लाज़ा' माहीम में फिर से खुला

### महिलाओं को रोजगार और कोळीवाड़ा का सौंदर्यीकरण

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

माहीम चौपाटी में स्थित मुंबई का पहला सी फूड प्लाज़ा 15 अक्टूबर 2025 से फिर से मुंबईकरों और पर्यटकों के लिए खुल गया है। इस पहल के तहत महिला बचत समूहों के स्टॉल लगाए गए हैं, जिससे स्थानीय महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिला है। प्लाज़ा के आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी किया गया है, पास के घरों को आकर्षक रंगों से सजाया गया और रोशनी व बैठने की उत्तम



व्यवस्था की गई। प्लाज़ा में सेल्फी प्वाइंट, आरामदायक बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय और पीने का पानी जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। नागरिक और पर्यटक यहां स्थानीय कोळी गीतों और ताजे मछली व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

### प्रशासन का संदेश

महानगरपालिका आयुक्त भूषण गगराणी और अतिरिक्त आयुक्त (शहर) डॉ. अश्विनी जोशी ने प्लाज़ा के संचालन और नागरिकों के लिए सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त विनायक विसपुते ने नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में आकर कोळी संस्कृति और उनके व्यंजनों को प्रोत्साहन दें।

### महिला बचत समूहों के प्रशिक्षण और समर्थन

महिला बचत समूहों को मत्स्य उत्पादन आधारित प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उन्हें नवीन और बाजार में बिकने योग्य मछली उत्पाद तैयार करने का कौशल मिला। इस पहल से महिलाओं का जीवनस्तर सुधरेगा, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।


# यवतमाल डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक की भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/यवतमाल**

यवतमाल डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक ने मंत्री के निर्देश पर भर्ती प्रक्रिया रोकने के निर्णय को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। बुधवार को सुनवाई के बाद न्यायाधीश अनिल किल्लोर और न्यायाधीश रजनीश व्यास ने वाईडीसीसी बैंक लिमिटेड और अन्य याचिकाकर्ताओं को भर्ती प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ए.एम. घारे ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने बिना तार्किक कारण भर्ती प्रक्रिया रोक दी थी और मंत्री के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने 8 अक्टूबर 2025 को सहकारिता, विपणन और वस्त्र विभाग के अतिरिक्त सचिव द्वारा जारी पत्र का हवाला दिया, जिसमें केवल मंत्री के निर्देश के आधार पर रोक का उल्लेख था।

सुनवाई में बताया गया कि सैंकड़ों परीक्षार्थी परीक्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं और प्रवेश पत्र जारी हो चुके हैं।

### भर्ती प्रक्रिया रोकने का आदेश चुनौती के बाद हाई कोर्ट ने अनुमति दी





भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाना तर्कसंगत नहीं था। कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ताओं द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया को बिना कारण रोका गया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को भर्ती प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि याचिका के अंतिम निर्णय तक किसी भी उम्मीदवार को नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं ने भी कहा कि वे अदालत के आदेश तक किसी नियुक्ति पत्र का निर्गमन नहीं करेंगे।

# ई-केवायसी नहीं होने पर भी मिल रहा लाडली बहनों को पैसा!

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की महत्त्वाकांक्षी 'लाडली बहना' योजना के लिए 410 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्री आदिति तटकरे ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रत्येक माह 1,500 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मंत्री तटकरे ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ही समाज की मजबूती की आधारशिला है और राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस योजना के अंतर्गत



सितंबर माह की सम्मान निधि को लेकर पहले जो शंका थी, वह दूर हो गई है। तकनीकी कारणों से ई-केवायसी प्रक्रिया में रुकावटों के कारण कई महिलाओं के खातों में धनराशि नहीं पहुँच पा रही थी।

### ई-केवायसी में दो महीने की मोहलत

महिला एवं बाल विकास विभाग ने ई-केवायसी प्रक्रिया में दो महीने की अतिरिक्त छूट दी है। इससे अब जिन महिलाओं की ई-केवायसी अधूरी थी, उनके खातों में भी शुक्रवार से धनराशि जमा होने लगी है।


### एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभ

राज्य में भारी वर्षा और बाढ़ के बावजूद शासनादेश के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग को 410 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए। इसके बाद शुक्रवार से लगभग 1 करोड़ से अधिक लाभार्थी महिलाओं के खातों में सितंबर माह की रकम पहुंचना शुरू हो गई है, जिससे लाखों महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा और राहत मिली है।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

डोंबिवली में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले एक 37 वर्षीय आरोपित को रामनगर पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि इस घटना में पीड़िता और आरोपित डोंबिवली में एक ही इलाके में रहते हैं। मंगलवार को पीड़िता की मां काम पर गई थी और पीड़िता घर में बर्तन साफ कर रही थी। उसी समय आरोपित ने घर का दरवाजा बंद कर पीड़िता



के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। शाम को जब पीड़िता की मां घर पर आई तो इसका पता चला। इसके बाद पीड़िता और उसकी मां ने इस मामले की शिकायत रामनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई। इसके बाद रामनगर पुलिस ने आरोपित इकबाल नन्हेबख्श अंसारी (37) को बुधवार तड़के गिरफ्तार कर लिया है।

# महाराष्ट्र के अस्पतालों में मैकेनिकल लॉन्ड्री सेवा

## स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने किया शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के 593 सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, सुरक्षा और संक्रमण-रहित माहौल सुनिश्चित करने के लिए मैकेनिकल लॉन्ड्री सेवा की शुरुआत की है। इस सेवा का शुभारंभ बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने स्वास्थ्य भवन से किया। इस नई व्यवस्था के तहत 20 जिला अस्पताल, 8 सामान्य अस्पताल, 105 उप-जिला अस्पताल, 378 ग्रामीण अस्पताल, 22 महिला अस्पताल और 60 ट्रॉमा केयर यूनिट शामिल हैं। इन सभी संस्थानों की कुल संयुक्त क्षमता 29,315 बेड की है ।

### संक्रमण-मुक्त चादरों से बेहतर स्वच्छता



स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर ने बताया कि मैकेनिकल लॉन्ड्री सेवा से अस्पतालों में अनुशासन, स्वच्छता और मरीजों की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस परियोजना के तहत चादरें, तकिए के कवर, कंबल, मरीजों और कर्मचारियों की वर्दी, पर्दे और तौलिये जैसी वस्तुओं की धुलाई तकनीकी रूप से की जाएगी। "बैरियर वॉशिंग" तकनीक से कपड़े बिना मानवीय संपर्क के धोए जाएंगे, जिससे संक्रमण का खतरा लगभग समाप्त हो जाएगा।

### रंगों से होगी चादरों की पहचान

मंत्री ने बताया कि सप्ताह के अलग-अलग दिनों के लिए विभिन्न रंगों की चादरों का उपयोग निर्धारित किया गया है — सोमवार और गुरुवार को सफेद, मंगलवार और शुक्रवार को हरी, जबकि बुधवार और शनिवार को गुलाबी चादरें इस्तेमाल होंगी। इससे स्वच्छता व्यवस्था और भी प्रभावी बनेगी तथा संक्रामक रोगों का खतरा काफी हद तक कम होगा।

### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ

इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा आयुक्त डॉ. कादंबरी बलकावड़े सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंत्री आबिटकर ने कहा कि महाराष्ट्र में शुरू की गई यह सेवा आने वाले समय में पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल साबित होगी।

# भाजपा का 'सरदार यूनिटी मार्च' अभियान

## सरदार पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए होंगे विभिन्न कार्यक्रम



**मुंबई।** राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'सरदार यूनिटी मार्च' अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर से की है, जो 6 दिसंबर तक तीन चरणों में पूरे राज्य के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में चलाया जाएगा। भाजपा के महामंत्री और प्रदेश युवा मोर्चा प्रभारी विधायक विक्रांत पाटील ने बताया कि इस अभियान के दूसरे चरण में 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक राज्य के हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिन की पदयात्रा आयोजित होगी। इसमें विभिन्न सामाजिक समूह, संस्थाएं और गैर-सरकारी संगठन भाग लेंगे। भाजपा युवा मोर्चा इस अभियान में युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।

### सरदार पटेल के विचारों से प्रेरित जनजागरण

विक्रांत पाटील ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद रियासतों का विलय कर भारत को एक राष्ट्र बनाने वाले सरदार पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस अभियान के तहत कई कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह दो महीने तक चलने वाला अभियान राज्यभर में जन-जागरूकता का एक बड़ा यज्ञ साबित होगा।

# मुंबई मनपा की 426 आवासीय फ्लैटों की बिक्री

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने अपने अधिकार क्षेत्र के 426 आवासीय फ्लैटों की बिक्री प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह योजना अत्यल्प और अल्प आय वर्ग के नागरिकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। फ्लैटों की बिक्री प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होगी और 21 नवंबर 2025 तक चलेगी।

बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी के निर्देश पर पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। इच्छुक नागरिक बीएमसी की वेबसाइट https://bmchomes.mcgm.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया गुरुवार सुबह 10 बजे से शुरू होकर 14 नवंबर 2025 को शाम 5 बजे तक जारी रहेगी। आवेदन शुल्क और अनामत राशि उसी दिन रात 11:59 बजे तक जमा की जा सकेगी।



### लॉटरी प्रक्रिया 20 नवंबर को

पात्र आवेदकों की अंतिम सूची 18 नवंबर 2025 को शाम 5 बजे जारी की जाएगी। इसके बाद 20 नवंबर को शाम 5 बजे लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी, जबकि सफल और प्रतीक्षा सूची में शामिल नाम 21 नवंबर 2025 को वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

### जानकारी पुस्तिका और हेल्पलाइन उपलब्ध

फ्लैटों की बिक्री से जुड़ी विस्तृत जानकारी पुस्तिका गुरुवार से वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। साथ ही, नागरिकों की सहायता के लिए बीएमसी ने हेल्पलाइन नंबर 022-22754553 जारी किया है, जहां वे प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### लोकमान्य तिलक महानगरपालिका जनरल हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज, शिव, मुंबई-22.

नंबर L.T.R./145/0D / टेंडर की तारीख :- 15-10-2025

### ई-टेंडर नोटिस

यह एक ई-टेंडर नोटिस है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) के कमिश्नर,

विवरण-L.T.M.S. हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज में बायोकेमिस्ट्री डिपार्टमेंट के लिए सेमी ऑटोमेटेड बायोकेमिस्ट्री एनालाइज़र (2 नंबर) खरीदने के लिए महाटेंडर्स पोर्टल के ज़रिए ई-टेंडर मंगा रहे हैं।
निविदा संख्या 2025_MCGM_1229287
ई-टेंडर दिखाए गए तीन पैकेट सिस्टम के ज़रिए मंगाए गए हैं।

| क्र. | ई-टेंडरिंग फीस (Rs.) | निविदा की रकम | ऑनलाइन निविदा डाउनलोड करने की शुरुआती तारीख और समय | ऑनलाइन बिड जमा करने की आखिरी तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Rs. 726/- प्लस GST 18% | Rs. 9440/- | दि. 16/10/25 शाम 4.00 बजे | दि.24/10/21 शाम 4.00 बजे |

जो बिडर इच्छुक हैं, उनसे निवेदन है कि वे टेंडर की ज़्यादा जानकारी के लिए महापोर्टल वेबसाइट http//www.mahatenders.gov.in पर जाएं। पोस्ट से भेजे गए टेंडर डॉक्यूमेंट स्वीकार नहीं किए जाएंगे

हस्ता/-
डीन
लोकमान्य तिलक मनपा अस्पताल

पीआरओ/ 1934 /विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


# 5.45 करोड़ की ड्रग्स के साथ दंपत्ति गिरफ्तार

## कोलंबो से लौट रहे थे पति-पत्नी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने बीती रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोलंबो (श्रीलंका) से आए एक दंपत्ति को 5.45 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया। बुधवार को अदालत ने दोनों आरोपितों को 28 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



### पूर्व सूचना पर हुई कार्रवाई

कस्टम अधिकारियों के अनुसार, कोलंबो से ड्रग्स लेकर आने वाले दंपत्ति की पूर्व सूचना मिलने के बाद टीम ने एयरपोर्ट पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की थी। देर रात को कोलंबो से आए मोहम्मद सऊद सिद्दीकी (29) और उनकी पत्नी सना सिद्दीकी (27) के एयरपोर्ट पहुंचने पर कस्टम अधिकारियों ने उनके सामान की तलाशी ली।

### बैग से मिले 5 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना

तलाशी के दौरान अधिकारियों को उनके बैग में तीन एयरटाइट पैकेट मिले। जांच करने पर पता चला कि पैकेटों में 5 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक मारिजुआना' था — जो भांग की उच्च-गुणवत्ता वाली किस्म मानी जाती है। बरामद ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 5 .45 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

सीमा शुल्क विभाग ने दंपत्ति के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपितों से पूछताछ जारी है, ताकि ड्रग्स की तस्करी के नेटवर्क और अन्य संभावित सहयोगियों का पता लगाया जा सके।

# सपा नेता फहद आजमी पर हमला

**मुंबई।** मुंबई के गोवंडी इलाके में बैगनवाड़ी डंपिंग ग्राउंड पर बने एक ओपन जिम के उद्घाटन समारोह में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता फहद आजमी पर हमला हुआ। इस दौरान पार्टी विधायक एवं महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी भी मौके पर मौजूद थे। मामला तब शुरू हुआ जब अब्दुल करीम बादशाह खान नामक युवक विधायक अबू आजमी के साथ फोटो खिंचवाने गया। इसी समय उसने आरोप लगाया कि फहद आजमी और उनके साथियों ने उसे धक्का देकर और हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। घटना



दो समूहों के बीच हिंसक झड़प में बदल गई। शिवाजीनगर पुलिस ने इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की हैं। पहली एफआईआर करीम की शिकायत पर दर्ज की गई, जिसमें फहद आजमी और दो अज्ञात व्यक्तियों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया। दूसरी एफआईआर सपा कार्यकर्ता की शिकायत पर दर्ज हुई, जिसमें करीम और उसके तीन साथियों पर मारपीट और डकैती का आरोप लगाया गया।

# मढ़-वर्सोवा ब्रिज परियोजना को मिली रफ्तार

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**मुंबई।** मुंबई के मढ़ और वर्सोवा को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित ब्रिज परियोजना को अब गति मिलती नजर आ रही है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अधिकारियों को इस परियोजना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। यह पुल बनने के बाद दोनों स्थानों के बीच की दूरी मात्र 5 मिनट में पूरी की जा सकेगी, जो वर्तमान में 90 मिनट में तय होती है।



### 2400 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा 2.06 किमी लंबा केबल ब्रिज

करीब 2400 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल 2.06 किलोमीटर लंबा केबल-आधारित ब्रिज होगा, जो मैंग्रोव क्षेत्र से होकर गुजरेगा। परियोजना का डिजाइन इस प्रकार तैयार किया गया है कि मैंग्रोव्स की सुरक्षा सुनिश्चित रहे। पुल पर चार लेन की सड़क होगी और पैदल यात्रियों व साइकिल चालकों के लिए अलग लेन बनाई जाएगी।

### 1967 से लंबित परियोजना को मिली मंजूरी

केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राज्य सरकार की सिफारिश पर इस परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान की है। यह परियोजना पहली बार वर्ष 1967 के डेवलपमेंट प्लान (DP) में प्रस्तावित की गई थी, लेकिन दशकों से अटकी हुई थी। अब केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों से इसे फिर से रफ्तार मिली है।


## मध्य रेल

### खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण 421301, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो/ सर्विसेज के लिए खुली ई निविदा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते है। **खुली ई-निविदा संख्या: ELSKYNWKS-2025-32-RSP-WFL Dated 14.10.2025. कार्य का विवरण:** विदयुत लोको शेड, कल्याण में आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं एमपी 0.3900.06 | रिविजन 01] जनवरी 2024 या लेटेस्ट और इलएस केवायन आरेखण संख्या- 4TACP7MA-04 के तहत व्हील फ्लेंज लुब्रीकेशन सिस्टम का सप्लाई, इनस्टॉलेशन व कमीशनिंग । मात्रा- 58 नंबर. **कार्य की औसत लागत:** Rs.3,48,37,164.54 (जी.एस.टी सहित). **ई.एम.डी./बिडसिक्योरिटी:** Rs. 3,24,200/-. **निविदा पत्र का मूल्य:** Nil. **समापन/ अनुरक्षण अवधि:** 18 Months. **अनुदेश: 1.** उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 06.11.2025 को 11.00 बजे और उसी दिन 11.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा ऑफर की वैधता 60 दिन है। **2.** निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं। सम्पूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण ४२१३०१ के कार्यालय मे भी उपलब्ध हैं।

APEX-547 Sr.DEE(TRS)KYN

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है


# घाटकोपर ज्वेलर्स में दिनदहाड़े सशस्त्र डकैती

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर (पश्चिम) इलाके में दर्शन ज्वेलर्स में दो अज्ञात व्यक्तियों ने सशस्त्र डकैती की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान दुकान के मालिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह हुई, जब मालिक अपनी दुकान खोलकर सफाई कर रहे थे। एक आरोपी के पास चाकू और दूसरे के पास बंदूक थी। आरोपियों ने आभूषणों की ट्रे लूटने का प्रयास किया। जब मालिक ने विरोध किया, तो एक आरोपी ने उसकी गर्दन पर चाकू से हमला किया। तीसरा संदिग्ध, जो दुकान के बाहर पहरा दे रहा था, मौके से पैदल भाग निकला। दोनों मुख्य आरोपियों ने मोटरसाइकिल पर फरार होने की कोशिश की।


## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

म्हाडा MHADA

(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
टेलीफोन नंबर 022-66405484, ई-मेल eecityslum@gmail.com
संदर्भ संख्या: EE/City/MSIB / ई-टेंडर/48/2025-26

### ई-टेंडर नोटिस नंबर 48

एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (सिटी) डिवीजन, मुंबई स्लम इम्प्रूवमेंट बोर्ड, (MHADA की यूनिट) **रूम नंबर 539, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (ईस्ट), मुंबई 400 051** फ़ोन नंबर (022) 66405484, B-1 (परसेंटेज रेट) के फ़ॉर्म में 08 कामों के लिए ओपन / रेगुलर ई-टेंडर मंगा रहे है। यह टेंडर सही क्लास के कॉन्ट्रैक्टर या किसी सरकारी / सेमी सरकारी ऑर्गनाइज़ेशन के रजिस्टर्ड कॉन्ट्रैक्टर से ऑनलाइन ई-टेंडरिंग सिस्टम के ज़रिए होगा। डिटेल्ड टेंडर नोटिस और टेंडर डॉक्यूमेंट्स महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in से उपलब्ध होंगे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। बिडिंग डॉक्यूमेंट्स वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। टेंडर डॉक्यूमेंट की बिक्री **17.10.2025, सुबह 01.00** बजे से शुरू होकर **24.10.2025, शाम 5.35** बजे तक चलेगी। अगर कोई सुधार / बदलाव हैं, तो वे सिर्फ़ https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर पब्लिश किए जा सकते हैं। सक्षम अथॉरिटी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी टेंडर को रिजेक्ट करने का अधिकार है। कंडीशनल ऑफ़र स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/799

हस्ता/-
एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (सिटी)
MSIB बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण



## वसई विरार शहर महानगरपालिका

### प्रभाग समिती (ई) नालासोपारा (पश्चिम)

### मुख्य कार्यालय - विरार

### दुरध्वनी क्र. १२२५०-२४०२१७९/२४०२५६३

जावक क्र.:-व.वि.श.म./क.वि. १४९२/२५-२६
दिनांक :- १५/१०/२५

### जाहीर नोटीस

महाराष्ट्र मुंबई प्रांतिक महानगरपालिका अधिनियम १९४९ चे कलम ४६९ अन्वये जाहिर नोटीस खालील मालमत्तेच्या हस्तांतरण संबंधाने वसई-विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिती (ई) कार्यालय नालासोपारा येथे प्राप्त झालेल्या मालमत्ता धारकांच्या प्रकरणपरत्वे नोटीसीनुसार सदर हस्तांतरण संदर्भाने कोणत्याही हितसंबंधाने हरकत अगर आक्षेप असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून ७ दिवसाच्या आत हितसंबंधाच्या व हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई-विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिती (ई) कार्यालय नालासोपारा येथे लेखी स्वरुपात हरकत नोंदवावी अन्यथा करवसुलीच्या सोयीसाठी सदर हस्तांतरण करुन महानगरपालिका दप्तरी याबाबतची नोंद घेतली जाईल.

| अ. क्र. | विभाग | मालमत्ता क्र. | रिसीट नं. | ज्याचे नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजे मालमत्ता विकणा-या किंवा करदात्याचे नाव | खरिददाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आचोळे-१२ | NL२१/२८८/१० | १०८५२ | इमामुल जैनुल शेख | मोहम्मद यासिन मो. निबर खान |
| 2 | आचोळे-१२ | NL२१/२८८/११ | १०८५५ | इमामुल जैनुल शेख | अफसाना बानो एहसान अहमद खान |
| 3 | आचोळे-१२ | NL२१/२८८/१२ | १०९३४ | इमामुल जैनुल शेख | अफसाना बानो एहसान अहमद खान |
| 4 | आचोळे-१२ | NL२१/८८/१० | १०९२९ | घनश्याम बी मौर्या | अशोककुमार चेताराम चौधरी |
| 5 | आचोळे-१२ | NL२१/२७९/११ | १०९३७ | रॉयल बिल्डर्स | नीरज अखिलचंद अग्रवाल |
| 6 | आचोळे-१२ | NL२१/३८१/७ | ११०९४ | परविन मुकीम सलमानी | मोहम्मद मुश्ताक हन्नान अंन्सारी |
| 7 | आचोळे-१२ | NL२१/३६/६० | १११८९ | कालिदास एस वाजपयी | सिध्देश पंढरीनाथ रावे/पंढरीनाथ लक्ष्मण रावे |
| 8 | आचोळे-१२ | NL२१/३२१/१ | ११३४० | व्ही. के. शर्मा | पंकज कुमार |
| 9 | आचोळे-१२ | NL२१/४१२/२३ | १२१५५ | मोहम्मद अनुस गुलाम रसुल | यश मनोहर निमंगरे व राजा मनोहर निमंगरे |
| 10 | आचोळे-१२ | NL२१/३५८/१३ | ११३७७ | हरिष पुरुषोत्तम भानुशाली | राकेश बिहारीलाल अहुजा |
| 11 | आचोळे-१२ | NL२१/२६५/६२ | ११४३१ | नारायण आ पवार | किरण सुरज शर्मा |
| 12 | आचोळे-१२ | NL२१/२५८/४३ | ११६०९ | मंजु मंगलदास चौरसिया | सागर बजरंग खवरे |
| 13 | आचोळे-१२ | NL२१/११७/११ | १२०७१ | आर. के. डेव्ह. | अजित ल. मांडवकर |
| 14 | आचोळे-१२ | NL२१/४०४/१४ | ११८९५ | साझीया सुलेमान शाह | वसीम फारुख शेख |
| 15 | आचोळे-१२ | NL२१/२७२/२० | १२८७४ | मिजेस शहनाज बानो गासिम मुल्ला | हिना परवीन बाबर अंसारी |
| 16 | आचोळे-१२ | NL२१/९१/१९ | १२७१४ | जयदेवी सालीकराम पांडे | संजीव कुमार पाण्डेय/राजीव सालिकरन पाण्डेय |
| 17 | आचोळे-१२ | NL२१/२८६/२२ | १०७९० | सुनिल तुकाराम राऊत/अलका सुनिल राऊत | पुजा महादेव साळवी |
| 18 | आचोळे-१२ | NL२१/३२३/४ | १०७८९ | महादु तुकाराम अहिरे | परमानन्द सुदामा विश्वकर्मा |
| 19 | आचोळे-१२ | NL२१/३२३/७४ | १२२३९ | आर. सी. बिल्डर्स | अनवर अहमद शेख |
| 20 | आचोळे-१२ | NL२१/३०४/११ | १२१९५ | धर्मराज रामसतन जैसवार | मनीषा राजेश चौरसिया |

सही/-
**(अश्विनी मोरे)**
सहायक आयुक्त
प्रभाग समिती (ई) नालासोपारा

## संपादकीय

# अस्थिर भविष्य की नींव

यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की गहरी विफलता को उजागर करता है—देश के एक लाख से अधिक स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। सोचिए, एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं को कैसे संभालता होगा? वह उपस्थिति दर्ज करे या पढ़ाए? ऐसे हालात में छात्र किस स्तर की शिक्षा प्राप्त कर पा रहे होंगे, यह समझना कठिन नहीं है। शिक्षा मंत्रालय के हालिया आँकड़े बताते हैं कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में देशभर के 1,04,000 स्कूल ऐसे थे, जहाँ सिर्फ एक शिक्षक नियुक्त था। इन स्कूलों में करीब 34 लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। आंध्र प्रदेश में इनकी संख्या सबसे अधिक है, उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक ओर शिक्षा का बजट पहले से ही सीमित है, और दूसरी ओर उसका सही उपयोग भी नहीं हो पाता। यह किसी से छिपा नहीं कि प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के पीछे नीति-निर्माताओं की लापरवाही और दूरदृष्टि की कमी जिम्मेदार है। आखिर हम अपने बच्चों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं, और उनके उज्ज्वल भविष्य की आशा कैसे कर सकते हैं? साफ है कि एक शिक्षक सभी विषयों — सामाजिक विज्ञान, भाषा, गणित, विज्ञान और अंग्रेजी — में निपुण नहीं हो सकता। शिक्षा का अर्थ केवल पाठ्यपुस्तकें नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास है। खेल, योग, पीटी, कला और संवाद जैसी गतिविधियाँ बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अनिवार्य हैं। पर जब स्कूलों में शिक्षक ही नहीं होंगे, तो ऐसी शिक्षा की कल्पना भी बेमानी है। वास्तव में, यह स्थिति शिक्षा विभाग की गहरी नाकामी और शासन की संवेदनहीनता का प्रतीक है। विभिन्न राज्यों में शिक्षकों की नियुक्ति में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार के मामले विभाग की दूषित कार्यसंस्कृति को उजागर करते हैं। सवाल यह उठता है कि प्रशिक्षित शिक्षकों की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की कमी क्यों है? समस्या यह भी है कि कई शिक्षक दुर्गम क्षेत्रों में नियुक्ति से बचते हैं। यदि कोई नियुक्त हो भी जाए, तो जल्द ही राजनीतिक हस्तक्षेप या विभागीय लेन-देन के माध्यम से स्थानांतरण करा लेता है। नतीजा यह होता है कि शहरों और उसके आसपास के स्कूलों में शिक्षकों की अधिकता, जबकि ग्रामीण इलाकों में कमी बनी रहती है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि एक ओर बेरोजगार युवाओं की लंबी कतारें हैं, और दूसरी ओर साढ़े आठ लाख से अधिक शिक्षक पद रिक्त हैं। यह तंत्र की असफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। सरकारें युवाओं को ₹देश की शक्ति₹ तो कहती हैं, लेकिन जब रोजगार की बात आती है तो पेपर लीक, धांधली और न्यायालयी विवादों में सालों बर्बाद हो जाते हैं। विडंबना यह भी है कि सरकारी स्कूलों में आज मुख्यतः गरीब और कमजोर वर्गों के बच्चे पढ़ते हैं, इसलिए इन स्कूलों की ओर कोई ध्यान नहीं देता। यदि कभी यह नियम बना दिया जाए कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चे भी सरकारी स्कूलों में ही पढ़ेंगे, तो शायद व्यवस्था अपने आप सुधर जाए। अभी तो स्थिति यही है कि हम अपने नौनिहालों को सशक्त भविष्य नहीं, बल्कि कमज़ोर और बीमार शिक्षा की नींव दे रहे हैं एक ऐसी नींव, जिस पर उज्ज्वल भारत की इमारत खड़ी नहीं हो सकती।

## शख्सियत | सेठ गोविंद दास

### भारतीय स्वतंत्रता सेनानी



सेठ गोविंद दास (16 अक्टूबर 1896-18 जून 1974) एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और सांसद थे। वे जबलपुर के राजा गोकुलदास के माहेश्वरी व्यापारी परिवार से थे । इस परिवार की शुरुआत सेवाराम खुशालचंद की बैंकिंग फर्म के रूप में हुई थी, जिसे टीए टिमबर्ग द्वारा महान फर्मों में से एक कहा गया था।

यद्यपि गोविंद दास का परिवार अंग्रेजी शासन के प्रति वफादार माना जाता था, लेकिन गोविंद दास ने प्रारंभ से ही राष्ट्रवादी विचारों को अपनाया और स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई। बचपन से ही उनमें भारत की स्वतंत्रता के प्रति गहरा लगाव था। उन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में 1920 में प्रारंभ हुए असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके परिणामस्वरूप वे पाँच बार गिरफ्तार हुए और कुल आठ वर्षों तक जेल में रहे। जेल के कठिन दिनों में भी उन्होंने अपने लेखन को जारी रखा और अनेक नाटकों की रचना की। दमोह जेल में रहते हुए उन्होंने 'प्रकाश' (सामाजिक), 'कर्तव्य' (पौराणिक), 'नवरस' (दार्शनिक) और 'स्पर्धा' (एकांकी नाटक) जैसे महत्त्वपूर्ण नाटक लिखे, जो उनके साहित्यिक कौशल और वैचारिक गहराई का प्रमाण हैं।

1920 में वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य बने और 1939 में त्रिपुरी अधिवेशन के दौरान कांग्रेस कार्यकारिणी समिति में सम्मिलित रहे। उन्होंने 1928 से 1934 तथा 1946 से 1957 तक महाकौशल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। इसके अतिरिक्त वे 1957 में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी बने। स्वाधीनता संग्राम के समय और उसके बाद भी उनका राजनीतिक जीवन सक्रिय और प्रभावशाली रहा।

सेठ गोविंद दास केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि हिंदी भाषा और साहित्य के प्रबल समर्थक भी थे। उन्होंने जीवनभर हिंदी को भारत की राष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए संघर्ष किया। उनका मानना था कि भारत की आत्मा उसकी मातृभाषा में बसती है और जब तक शासन-प्रशासन की भाषा जनता की भाषा नहीं होगी, तब तक सच्चा लोकतंत्र स्थापित नहीं हो सकता। उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए संसद में और बाहर दोनों ही स्तरों पर आवाज़ उठाई।

एक सृजनशील लेखक के रूप में उन्होंने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। उन्होंने सौ से अधिक नाटक, एक उपन्यास "इंदुमती", पाँच यात्रा-वृत्तांत, तीन खंडों में आत्मकथा और चार स्वतंत्र आत्मकथाएँ लिखीं। उनके नाटकों में समाज सुधार, राष्ट्रीय चेतना, धार्मिक सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का समावेश देखने को मिलता है। उनके साहित्य में भारतीय संस्कृति की गहराई और आधुनिक विचारधारा का सुंदर संगम दिखाई देता है।

स्वतंत्र भारत की राजनीति में भी गोविंद दास का योगदान उल्लेखनीय रहा। वे पहली से पाँचवीं लोकसभा तक लगातार सांसद रहे और जबलपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1957 से 1974 तक उन्होंने संसद में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्हें चार बार—दूसरी, तीसरी, चौथी और पाँचवीं लोकसभा के लिए—राष्ट्रपति द्वारा प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाई और सदन के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी गहन संवैधानिक समझ, मर्यादित आचरण और सौम्य व्यक्तित्व के कारण उन्हें सभी दलों का सम्मान प्राप्त था।

भारत सरकार ने उनके योगदान को देखते हुए उन्हें 1961 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान न केवल उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान की स्वीकृति थी, बल्कि हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रति उनके समर्पण का भी प्रतीक था।

उनका निजी जीवन भी भारतीय परंपराओं से जुड़ा रहा। उनका विवाह 1908 में राजस्थान के सीकर निवासी गोदावरी बाई से हुआ था, जब वे मात्र 12 वर्ष के थे और उनकी पत्नी 10 वर्ष की थीं। उनके दो पुत्र—मनमोहन दास और जगमोहन दास—तथा दो पुत्रियाँ—रत्ना कुमारी बाई और पद्मा—थीं। मनमोहन दास और उनके पुत्र चंद्र मोहन राजनीति में सक्रिय रहे, जबकि जगमोहन दास के पुत्र रवि मोहन इंदौर के एक प्रमुख उद्योगपति बने।



## जयोस्तुते
भाग-43



# राष्ट्र सेविका समिति

निं 'दकाचे घर असावे शेजारी' यानी आलोचक का घर पड़ोस में ही हो- संत तुकाराम महाराज की इस शिक्षा को सार्थ करने के लिए ही सही, पर संघ के विरोध में कुछ ी न कह पानेवाले संघ के 'आदतन आलोचक' हमेशा एक सवाल जरूर उठाते हैं कि 'संघ में महिलाओं को प्रवेश क्यों नहीं है?'

**मूल लेख : अवधूत वाघ**



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एवीबीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)



लेकिन यह प्रश्न पूछते समय वे यह नहीं पूछते कि मस्जिदों में स्त्रियां और पुरुष साथ में नमाज क्यों नहीं पढ़ते? ओलंपिक या एशियाड में पुरुष फुटबॉल टीम में महिलाएं क्यों नहीं होतीं? ाारतीय पुरुष कबड्डी टीम में महिलाएं क्यों नहीं होतीं? स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस ने कोई दलित प्रधानमंत्री क्यों नहीं दिया? आज की स्थिति में कांग्रेस को नेहरू-गांधी परिवार के बाहर कोई योग्य नेता (बिजूका या रबर स्टैंप छोड़कर) क्यों नहीं मिल पाता? अब तक कम्युनिस्ट पार्टी में किसी महिला को अध्यक्ष क्यों नहीं बनाया गया? शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, अकाली दल, बीजू जनता दल, द्रमुक जैसे दलों में परिवार के बाहर किसी व्यक्ति को अध्यक्ष क्यों नहीं बनाया गया? ऐसे सवाल इन आलोचकों को नहीं सताते। इन विरोधकों से हम इतनी छोटी-सी अपेक्षा ी नहीं कर सकते कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कटघरे में खड़ा करते समय कम से कम उन्हें अपनी विवेकबुद्धि और तर्कशक्ति का उपयोग करना चाहिए।




ईश्वर ने केवल दो ही जातियां बनाई हैं-स्त्री और पुरुष। इन दो को छोड़कर संघ किसी और जाति को नहीं मानता। इसलिए संघ में किसी ी जाति का व्यक्ति स्वयंसेवक बन सकता है और अपने संगठनात्मक कौशल के बल पर संघ के सर्वोच्च स्थान तक पहुंच सकता है। लेकिन संघ कोई दीवानखाना में बैठकर हांका जानेवाला संगठन नहीं है, बल्कि रोज जमीनी स्तर पर, मैदान में उतरकर काम करनेवाली संस्था है। जैसा कि पहले बताया गया है- संघ की शाखाओं में कवायद और शारीरिक खेल निरंतर चलते रहते हैं। कबड्डी, कुश्ती, आट्यापाट्या (महाराष्ट्र का एक पारंपरिक खेल) राम-रावण युद्ध आदि मैदानी खेल खेले जाते हैं।। ऐसे खेल आपसी स्पर्श, धक्का-मुक्की और खींचतान वाले होते हैं। इन खेलों को स्त्री-पुरुष मिलकर खेलें- यह न तो सामाजिक दृष्टि से उचित है और न ही नैतिक रूप से व्यावहारिक।

इसलिए संघ की शाखाओं में, जो केवल पुरुषों के लिए होती हैं, उनमें महिलाओं की उपस्थिति अपेक्षित नहीं होती। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि संघ में महिलाओं को प्रतिबंधित किया गया है। संघ की बैठकों, कार्यक्रमों, वैचारिक आयोजनों तथा छह उत्सवों में महिलाएं ाग ले सकती हैं। इतना ही नहीं, प्रार्थना सत्र में ी महिलाएं उपस्थित रह सकती हैं। केवल स्त्री-पुरुषों के एक साथ मैदानी खेल खेलने को समाज और स्वयं महिलाएं स्वीकार नहीं करतीं, इसलिए संघ ी इसे मान्यता नहीं देता- और इसी कारण शाखाओं में महिलाएं अपेक्षित नहीं होतीं।

समाज में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्वच्छतागृह, विश्रामालय होते हैं। यहां तक कि ट्रेनों में महिलाओं के लिए अलग डिब्बे होते हैं। इसका कारण उन्हें हीन समझना नहीं, बल्कि उनका आत्मसम्मान सुरक्षित रहे, उनकी मर्यादा बनी रहे, उन्हें गोपनीयता मिले और केवल महिलाओं के बीच होने से उन्हें सहजता का अनुाव हो- यही उच्च उद्देश्य होता है। लेकिन इसे न समझकर छद्म धर्मनिरपेक्ष, नास्तिक, छद्म नारीवादी, पाश्चात्य संस्कारों से प्राावित और विकृत मानसिकता के लोग संघ पर निराधार टीका करते रहते हैं।

यद्यपि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में महिलाओं की अलग ाूमिका है, फिर ी संघ की अन्य साी सहयोगी संस्थाओं में महिलाओं को पूर्ण प्रवेश, अवसर और अधिकार प्राप्त हैं। अखिल ाारतीय विद्यार्थी परिषद, ाारतीय मजदूर संघ, विश्व हिंदू परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम जैसी साी संघ प्रेरित संस्थाओं में महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं।

लेकिन साथ ही, जिस प्रकार पुरुषों को शारीरिक और संरक्षण से जुड़ा प्रशिक्षण शाखाओं में मिलता है, वैसा ही प्रशिक्षण महिलाओं को ी मिले- इस समानता की ाावना से संघ विचारों से प्रेरित लक्ष्मीबाई केलकर उपाख्य मावशी और अन्य बहनों ने मिलकर, संघ के प्रथम सरसंघचालक डॉक्टर हेडगेवार की प्रेरणा से, 1936 में विजयादशमी के दिन राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की- जो केवल महिलाओं के लिए एक स्वतंत्र संगठन है। राष्ट्र सेविका समिति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में ज्यादा अंतर नहीं है- सिर्फ इतना कि एक में पुरुष और दूसरी में महिलाएं अपेक्षित होती हैं। यहां एक बात ध्यान देने जैसी है कि समिति की प्रार्थना संघ की प्रार्थना से थोड़ी िान्न है। दोनों ही प्रार्थनाओं के ााव ाले ही एक जैसे हैं, लेकिन समिति की प्रार्थना चूंकि स्त्रियां कहती हैं, इसलिए उसमें स्त्रीत्व को प्रधानता दी गई है।

आज समिति की देशार में पांच हजार से अधिक शाखाएं हैं, जिनमें तीन लाख से अधिक युवतियां और महिलाएं स्वयंसेविका के रूप में योगदान दे रही हैं। जिस प्रकार राष्ट्रीय आपदा के समय संघ सबसे पहले पहुंचता है, उसी प्रकार समिति ी ऐसे समय में अपना योगदान देती है। यह समिति हिंदू महिलाओं को आत्मरक्षा, आत्मनिर्ारता और राष्ट्रप्रेम की शिक्षा देती है, साथ ही उन्हें कौशल विकास के माध्यम से स्वावलंबी बनाती है। इसी प्रकार समिति दैनिक और साप्ताहिक शाखाओं के आयोजन के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा, बौद्धिक विकास, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व विकास, निर्णय क्षमता, संवाद कौशल और मनोबल वृद्धि के लिए विविध कार्यक्रम ी संचालित करती है। समिति वन शिविर, अखिल ाारतीय, राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर विािन्न विषयों पर सम्मेलन, महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर, छात्रावास, उद्योग मंदिर, बाल मंदिर, संस्कार वर्ग आदि सेवा कार्य ी संचालित करती है। इसके अलावा समिति विश्व में हिंदू धर्म के प्रचार और हिंदू समाज के संगठन का कार्य ी कर रही है।

अब तक समिति की प्रमुख संचालिका के रूप में मावशी लक्ष्मीबाई केलकर (1936 से 1978), सरस्वतीताई आपटे (1978 से 1994), उषाताई चाटी (1994 से 2006), प्रमिलाताई मेढे (2006 से 2012) ने सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। 2012 से वी. शांताकुमारी उपाख्य 'शांताक्का' प्रमुख संचालिका के रूप में कार्य कर रही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा में ढली यह समिति, राजमाता जिजाऊ, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर को अपना आदर्श मानती है। यह संगठन ाारत माता के लिए संस्कारित, तेजस्वी, राष्ट्राक्त, हिंदू धर्म पर गर्व करनेवाली और हर संकट से जूझने के लिए तैयार वीरांगनाओं की एक विशाल सेना तैयार कर रहा है- यह हम साी के लिए गर्व की बात है।

**क्रमशः**

**अनुसर्जन : श्वेता शालिनी**



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है।)

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# शिवलिंगः सृष्टि, शक्ति और चेतना का शाश्वत प्रतीक

"ॐ नमः शिवाय" — यह पंचाक्षरी मंत्र केवल एक उच्चारण नहीं, बल्कि शिव तत्व का सार है। इसका अर्थ है — "मैं उस कल्याणकारी, निराकार, सर्वव्यापी परम चेतना को नमन करता हूँ, जो सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है।" यह मंत्र मनुष्य को भीतर से शुद्ध करता है, उसके अहंकार का नाश करता है और उसे उस परम सत्य से जोड़ता है, जो शब्दों और रूपों से परे है।

शिवलिंग की पूजा इसी दिव्य मंत्र से जुड़ी है। शिवलिंग कोई साधारण पत्थर या मूर्ति नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा और सृष्टि के मूल स्रोत का प्रतीक है। संस्कृत में 'लिंग' शब्द का अर्थ होता है — चिह्न या प्रतीक। इस प्रकार 'शिवलिंग' का अर्थ हुआ — शिव का प्रतीक, अर्थात वह रूप जिसमें परम पुरुष और प्रकृति का एकत्व प्रकट होता है। यह वही बिंदु है जहाँ सृजन की शुरुआत होती है, जहाँ से जीवन की हर धारा प्रवाहित होती है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

वायुपुराण के अनुसार, शिवलिंग संपूर्ण ब्रह्मांड का प्रतीक है। इसका ऊर्ध्वाकार आकार उस सृष्टि धुरी (Axis of Creation) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके चारों ओर समस्त ग्रह, तारे और आकाशीय पिंड गतिशील हैं। यही कारण है कि इसे ज्योतिर्लिंग कहा गया — "प्रकाश का स्तंभ", जो अनादि और अनंत है। यह केवल भौतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक प्रकाश का भी प्रतीक है — वह चेतना जो सृष्टि के हर कण में विद्यमान है।

महामृत्युंजय मंत्र, जो ऋग्वेद से लिया गया है, शिव की उपासना का अत्यंत प्रभावशाली मंत्र है:

"ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
ऊर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥"

इसका अर्थ है — हम तीन नेत्रों वाले शिव की उपासना करते हैं, जो जीवनदायी सुगंध की तरह सर्वत्र व्याप्त हैं और जो हमें मृत्यु के बंधनों से मुक्त कर अमृतत्व प्रदान करते हैं। यह मंत्र केवल मृत्यु से मुक्ति का नहीं,



बल्कि जीवन के बंधनों से ऊपर उठने का प्रतीक है।

शिव योग के प्रथम गुरु, अर्थात आदियोगी हैं। उन्होंने ही मानव को ध्यान, प्राणायाम, संयम और आत्मबोध का मार्ग सिखाया। उनकी शिक्षा किसी धर्म, जाति या समय से सीमित नहीं — वे सार्वभौमिक सत्य के शिक्षक हैं। उन्होंने यह सिखाया कि सृष्टि की हर वस्तु में वही ऊर्जा प्रवाहित है, जिसे हम शिव कहते हैं।

शिव केवल देवता नहीं, संपूर्ण चेतना के स्वरूप हैं। जब भी संसार में असंतुलन उत्पन्न हुआ, देवता और असुर दोनों उनकी शरण में आए। उन्होंने दैत्यों का संहार किया, परंतु उन्हें मोक्ष भी प्रदान किया। यही कारण है कि वे भूतनाथ, विश्वनाथ और महाकाल कहलाए। वे सभी में समभाव रखते हैं — दानव, देवता, मानव, पशु — सब उनके समान हैं। वे संहारक हैं, पर साथ ही पालक और उद्धारक भी हैं।

शिवलिंग की पूजा वस्तुतः ऊर्जा और चेतना के मिलन की आराधना है। यह आराधना बाहरी नहीं, आंतरिक है — जब साधक "ॐ नमः शिवाय" का जाप करता है, तो वह अपने भीतर की स्थिरता, मौन और दिव्यता को जागृत करता है। यह जाप किसी देवता को मनाने का नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर स्थित शिवत्व को पहचानने का साधन है।

शिव समय से परे हैं — वे निराकार, अजर-अमर और अनंत चेतना हैं। जब मनुष्य इस सत्य को स्वीकार करता है कि हर कण में शिव का अस्तित्व है, तब उसका दृष्टिकोण बदल जाता है। उसके लिए सम्पूर्ण संसार एक ही ऊर्जा का विस्तार बन जाता है — वही शिव, जो पर्वतों में भी है, नदी में भी; जो अग्नि में भी है और शून्य में भी।

## अपने विचार

अगर बेटी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया तो तय मानिए अगले चौराहे पर यमराज टिकट काटने के लिए खड़ा होगा। अगर किसी को टिकट कटाना हो तो छेड़छाड़ करे, ये केवल योगी सरकार कर सकती है।



- योगी आदित्यनाथ
सीएम,उत्तरप्रदेश

फडणवीस सरकार राज्य प्रायोजित योजनाओं को बंद करने में व्यस्त है। ऐसी योजनाओं को बंद किया जा रहा है जिसका श्रेय गैर-भाजपा नेताओं को दिया जाता है।



-रोहित पवार
नेता, एनसीपी(शरद पवार )

**अपने विचार**
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

# युवाओं की भागीदारी से जल्द बनेगी राज्य की व्यापक युवा नीति

## खेल व युवक कल्याण मंत्री ने युवाओं से सुझाव देने का किया आह्वान

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

13 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं को वैश्वीकरण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विविधता और नागरिक कर्तव्यों से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य सरकार एक समावेशी और सुधारित युवा नीति तैयार कर रही है। इसे प्रभावी बनाने के लिए खेल व युवक कल्याण मंत्री एड. माणिकराव कोकाटे ने युवाओं से अपने सुझाव, विचार और मत देने का आह्वान किया।

### नीति में समावेशिता और अधिकार

मंत्री कोकाटे ने बताया कि नीति में लिंग, धर्म, जाति, भाषा, आय, ग्रामीण-शहरी और अल्पसंख्यक व पिछड़े वर्गों के सभी समूहों का ध्यान रखा जाएगा। युवाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी, शिक्षा का अधिकार, रोजगार और उद्यमिता के अवसर, स्वास्थ्य, पर्यावरण, आवास, कला-क्रीड़ा और सांस्कृतिक सहभागिता जैसे मूलभूत अधिकार प्रदान किए जाएंगे।




### युवाओं की जिम्मेदारियाँ और मूल्य

मंत्री ने युवाओं से अपेक्षा जताई कि वे संविधान का पालन करें, शांति और सामाजिक एकता बनाए रखें, हिंसा और भेदभाव से दूर रहें, राष्ट्रीय एकात्मता को बढ़ावा दें, सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान करें, पर्यावरण संरक्षण करें और राष्ट्रसेवा अपनाएं। ग्रामीण युवाओं तक नीति पहुँचाने के लिए विशेष उपक्रम और मंच भी विकसित किए जाएंगे।

### नई चुनौतियों और नवाचारी योजनाएँ

युवा नीति में महिला व बाल विकास, सांस्कृतिक कार्य, कौशल विकास विभागों के समन्वय से नवाचारी योजनाएँ शुरू की जाएँगी। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति, शिक्षा, रोजगार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), साइबर सुरक्षा और डिजिटल तकनीक जैसी नई चुनौतियों को भी शामिल किया जाएगा।

### 'सरदार@150' एकता अभियान

भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' अभियान शुरू किया गया। महाराष्ट्र के सभी जिलों में जिलाधिकारी, खेल विभाग, माई भारत, NSS, NCC और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से 8-10 किलोमीटर की पदयात्राएँ आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, नशामुक्त भारत प्रतिज्ञा, योग एवं स्वास्थ्य शिविर और स्वच्छता अभियान जैसे उपक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज़

### स्मिता एंटरप्राइजेज को उत्कर्ष सोसाइटी का चुना गया विकासक



अंबरनाथ। अंबरनाथ पश्चिम स्थित उत्कर्ष को-ऑप हाउसिंग सोसाइटी के पुनर्विकास के लिए विकासक के चयन की प्रक्रिया 12 अक्टूबर 2025 को होटल डी अड्डा, बदलापुर में संपन्न हुई, जिसमें सहकारिता अधिकारी (ग्रेड-2) प्रमोद कुलकर्णी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण मेंगे, सचिव भानुदास धुरी और कोषाध्यक्ष नरेंद्र कांबळी सहित उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्मिता एंटरप्राइजेज को विकासकर्ता के रूप में चुना। इस प्रस्ताव को योगेश माकडे ने प्रस्तुत किया, जबकि सदस्य रणजीत राणे ने समर्थन किया।

### डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर महापालिका में पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि




डोंबिवली। केडीएमसी महापालिका मुख्यालय में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर महापालिका के तत्वावधान में उनकी प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। महापालिका सचिव किशोर शेळके ने मुख्य रूप से पुष्पहार डालकर दिवंगत वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति को नमन किया। इस अवसर पर सूचना व जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफळे, सुरक्षा अधिकारी भरत बुळे, प्रोग्रामर मीनल भदे, अधीक्षक समाधान मोरे, सहायक सूचना व जनसंपर्क अधिकारी सुमित बोयत सहित अनेक कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. कलाम के जीवन, देश सेवा के संदेश, संघर्ष, सरलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

### मनपा मुख्यालय में मनाई गई पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की जयंती



ठाणे। ठाणे मनपा मुख्यालय में भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे, महिला एवं बाल विकास अधिकारी दयानंद गुंडप सहित मनपा के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. कलाम के आदर्शों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और देश के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

### अवैध एम डी पाउडर बिक्री का खुलासा, 3 गिरफ्तार

मालेगांव। मालेगांव शहर के हिरापुरा मैदान क्षेत्र में रात के समय पुलिस ने छापा मारकर अवैध रूप से एम डी पाउडर बेच रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। मौके से 194 ग्राम वजन का करीब 5.82 लाख रुपये मूल्य का एम डी पाउडर जब्त किया गया। यह कार्रवाई नाशिक ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक मालेगांव तेजबीर सिंह संधू के पथक ने की। अपर पुलिस अधीक्षक संधू को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर विशेष पथक ने हिरापुरा मैदान परिसर में घेरा डालकर अन्सारी इस्तियाक मुख्तार अहमद (25), जलाल अहमद मोहम्मद हनीफ शेख (32) और मोसिन खान जैनुलाब्दीन पठाण (37) को गिरफ्तार किया। परवेज गोवंडी नामक आरोपी अभी फरार है।

# भुसावल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । भुसावल

भुसावल मंडल ने 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा-2025' का आयोजन किया। यह अभियान रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, कार्यालयों, कॉलोनियों, कार्यशालाओं, अस्पतालों और खाद्य स्टालों पर स्वच्छता सुधार सुनिश्चित करने के लिए 15 दिन तक चलने वाला अभियान था। यह पूरे देश के सभी जोन, मंडल और कार्यशालाओं में भारतीय रेलवे द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियानों का हिस्सा है।

### कार्यक्रम की शुरुआत और गतिविधियाँ

स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत अधिकारियों और कर्मचारियों को 'स्वच्छता शपथ' दिलाने के साथ हुई। गांधी जयंती के अवसर पर मंडल के सभी स्टेशनों पर श्रमदान आयोजित किया गया, जिसमें भुसावल स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक, शाखा अधिकारी, रेलवे कर्मचारी और रेलवे स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान स्टेशन परिसर, रेल गाड़ियां, रेल पटरी और शौचालयों की प्राथमिकता के साथ सफाई की गई।

### विशेष कार्यक्रम और रक्तदान शिविर

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान मंडल रेलवे अस्पताल, भुसावल में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी ब्लड बैंक, जलगांव के सहयोग से जीवनदायी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में भुसावल मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, रेलकर्मी और उनके परिजन शामिल हुए। इस कार्यक्रम से न केवल स्वच्छता बल्कि समाज सेवा की भावना भी बढ़ाई गई।

### थीम और समुदायिक सहभागिता

अभियान के दौरान 'स्वच्छ आहार, स्वच्छ नीर, स्वच्छ पोषण, स्वच्छ पर्यावरण' और 'प्लास्टिक को ना कहें' जैसी थीम के तहत जागरूकता बढ़ाई गई। रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। अमृत भारत स्टेशन पर अमृत संवाद कार्यक्रम के माध्यम से यात्रियों से संवाद कर स्वच्छता संदेश साझा किया गया।

### 8.9 टन प्लास्टिक कचरा हटाया गया

अभियान के दौरान 8.9 टन प्लास्टिक कचरा हटाया गया, 108.26 टन सामान्य कचरा निपटान किया गया, 415.77 किलोमीटर ट्रैक और 102.27 किलोमीटर नालों की सफाई की गई। 8,999 लोगों ने श्रमदान में भाग लिया। 138 लोगों को स्वच्छता प्रोटोकॉल का पालन न करने पर दंडित किया गया और 19,600 रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। इस अभियान से रेलवे परिसर अधिक स्वच्छ हुए और कर्मचारियों तथा यात्रियों में स्वच्छता प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है की भावना मजबूत हुई।

# मेट्रो लाइन 3 के लिए फीडर बस सेवा शुरू

## एमएमआरसी और सिटीफ्लो का संयुक्त उद्यम

दीपक पवार । मुंबई

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) और सिटीफ्लो के संयुक्त उद्यम ने मेट्रो लाइन 3 (एक्वा लाइन) के यात्रियों के लिए फीडर बस सेवा शुरू की है। यह सेवा यात्रियों को मेट्रो स्टेशनों से घर तक और घर से मेट्रो तक पहली और आखिरी यात्रा में सुविधाजनक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### प्रमुख स्टेशनों और मार्गों की जानकारी



फीडर बस सेवा शुरू में तीन प्रमुख स्टेशनों – बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी), वर्ली और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) – पर उपलब्ध होगी। बीकेसी मार्ग में एनएसई, जियो गार्डन, वन बीकेसी और फैमिली कोर्ट शामिल हैं। वर्ली मार्ग सेंचुरी मिल्स, वन इंडिया बुल्स सेंटर, कमला मिल्स और पेनिनसुला कॉर्पोरेट पार्क को कवर करेगा। सीएसएमटी मार्ग में ओल्ड कस्टम हाउस, लायंस गेट, एस.पी. मुखर्जी चौक, के.सी. कॉलेज और चर्चगेट मेट्रो स्टेशन शामिल हैं।

### शुरुआती किराया 29 प्रति यात्रा

फीडर बसें व्यस्त समय के दौरान हर 10 मिनट में चलेंगी। शुरुआती किराया 29 प्रति यात्रा है, जबकि मासिक पास 499 में उपलब्ध है। यात्रियों की सुविधा के लिए, सिटीफ्लो ऐप और मेट्रोकनेक्ट3 ऐप पर टिकट खरीदने की सुविधा समेकित रूप से उपलब्ध कराई गई है।

### अधिकारियों के बयान

एमएमआरसी के निदेशक (योजना एवं रियल एस्टेट विकास/एनएफबीआर) आर. रमना ने कहा कि मेट्रो लाइन 3 मुंबई के सार्वजनिक परिवहन में नए युग की शुरुआत है और फीडर सेवाएँ यात्रा को और सुविधाजनक बनाएंगी। सिटीफ्लो के सीईओ जेरिन वेनाड ने कहा कि यह सेवा नागरिकों को टिकाऊ, साझा और तकनीक-सक्षम यात्रा साधनों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# साफ हवा की गुणवत्ता के लिए ठाणे मनपा को iFAat पुरस्कार

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे नगर निगम को स्वच्छ वायु की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए 'iFAT इंडिया 2025' कार्यक्रम में 'हरित सफलता की कहानी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 'वायु' अवधारणा के तहत दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में दिया गया।

### कार्यक्रम का आयोजन और उद्देश्य

यह आयोजन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, महाराष्ट्र सरकार, अखिल भारतीय स्थानीय निकाय संघ, मुंबई और यूनिसेफ, महाराष्ट्र के सहयोग से किया गया। 'माझी वसुंधरा अभियान' के अंतर्गत 14 अक्टूबर को मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय निकायों की क्षमता बढ़ाना और जलवायु कार्रवाई हेतु नई पहलों को प्रोत्साहित करना था।

### ठाणे मनपा का प्रदर्शन रहा उत्कृष्ट




राष्ट्रीय स्तर के मंच पर ठाणे नगर निगम को 'महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों में जलवायु स्थिति' विषय पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव की ओर से उपायुक्त (पर्यावरण) मधुकर बोडके, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान और उप पर्यावरण अधिकारी विद्या सावंत ने ग्रहण किया।

### पर्यावरण सुधार की ठोस पहलें

ठाणे मनपा ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु परियोजना के तहत कई कदम उठाए हैं। 123 ई-बसों की खरीद पूरी हो चुकी है और 160 नई ई-बसों की निविदा अंतिम चरण में है। 'उपमुख्यमंत्री हरित ठाणे योजना' के तहत दो लाख पेड़ों का रोपण किया गया है, जिनमें मियावाकी वृक्षारोपण शामिल है। निर्माण स्थलों पर नियमित धूल नियंत्रण और सड़कों की यांत्रिक सफाई की जा रही है।

# सूरत में मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री में वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट



मुंबई। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने सूरत स्थित मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री में अपने 60 केएलडी एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ETP) को वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट (WRP) में परिवर्तित कर दिया है। यह पहल भारतीय रेल की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयासों का हिस्सा है और इसका उद्देश्य उपचारित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग करना तथा पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव कम करना है। प्लांट में कपड़े धोने के अपशिष्ट जल को पहले होल्डिंग टैंक में इकट्ठा किया जाता है, फिर एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट में प्री-ट्रीटमेंट, रासायनिक और जैविक उपचार और यूवी/क्लोरीन की मदद से तृतीयक कीटाणुशोधन किया जाता है। इसके बाद, वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट में रेत और मेम्ब्रेन फिल्टरेशन के माध्यम से और परिष्कृत किया गया पानी अंतिम कीटाणुशोधन के बाद पुनः उपयोग के लिए संग्रहित किया जाता है।

# मनपा पी दक्षिण विभाग में जनता दरबार

## जनता की समस्याओं का हुआ निवारण

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

गोरेगांव स्थित मनपा पी दक्षिण विभाग में बुधवार को आयोजित जनता दरबार में उपनगर के सह-पालकमंत्री मंगल प्रभात लोढा की उपस्थिति में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और अपनी शिकायतों के समाधान के लिए उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद




इस अवसर पर विधायक विद्या ठाकुर, भाजपा उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष ज्ञानमूर्ति शर्मा, मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष अभिजीत राणे, बीएमसी उपायुक्त सौ. भाग्यश्री कापसे, पी/साउथ के सहायक आयुक्त श्री अजय पाटने, पूर्व नगरसेवक हर्ष पटेल, दीपक ठाकुर, प्रीति सातम, संदीप पटेल और श्रीकला पिल्लै उपस्थित रहे।

### 150 शिकायतों का हुआ तत्काल निवारण

इस जनता दरबार में कुल लगभग 400 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से करीब 300 पर चर्चा की गई। इनमें से 150 शिकायतों का निवारण स्वयं मंत्री मंगल प्रभात लोढा ने मौके पर किया, जिससे नागरिकों में संतोष का माहौल देखा गया।

# भुसावल मंडल के सावदा स्टेशन पर 'अमृत संवाद'

डीबीडी संवाददाता । भुसावल

भारतीय रेल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत आज भुसावल मंडल के सावदा रेलवे स्टेशन पर ₹अमृत संवाद₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्टेशन पर किए गए पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा, यात्री सुविधाओं का मूल्यांकन और यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से सुझाव प्राप्त करना था, ताकि भविष्य में रेलवे सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

### वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी




अमृत संवाद में वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) पंचम सिंह जाटव, वरिष्ठ मंडल अभियंता (गतिशक्ति) डी. के. शुक्ला और सहायक वाणिज्य प्रबंधक पी. के. सिंह ने हिस्सा लिया। उन्होंने यात्रियों से बातचीत की और स्टेशन पर किए गए सुधारों पर उनके सुझाव प्राप्त किए। वरिष्ठ मंडल अभियंता ने बताया कि सावदा रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक रूप में विकसित किया गया है। स्टेशन में नवनिर्मित प्रतीक्षालय, लिफ्ट, स्वच्छ शौचालय, प्लेटफार्म शेड, पेयजल सुविधा, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, कोच मार्गदर्शन प्रणाली और दिशा संकेतक जैसी सुविधाएँ यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं।

### यात्रियों और अधिकारियों के बीच संवाद

अमृत संवाद के दौरान यात्रियों ने अपनी समस्याएँ साझा कीं और कई उपयोगी सुझाव दिए। वरिष्ठ मंडल अभियंता ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा और उन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इस संवाद से रेलवे और यात्रियों के बीच सक्रिय और सकारात्मक संपर्क स्थापित हुआ। इस कार्यक्रम में स्टेशन अधीक्षक, पर्यवेक्षक, अन्य स्टेशन कर्मचारी और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने रेलवे अधिकारियों के साथ संवाद किया और स्टेशन सेवाओं को और सुविधाजनक बनाने के लिए सुझाव साझा किए। कार्यक्रम ने रेलवे और यात्रियों के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**वृष** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

**सिंह** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा।

**कन्या** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

**वृश्चिक** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी।

**धनु** थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**मकर** विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कुंभ** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

**मीन** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

# पितृ दोष : पूर्वजों की अधूरी पुकार और आत्मा का चयनित उत्तरदायित्व




प्रियंका जैन
9769994439

पृथ्वी पर जन्म लेने वाला हर मनुष्य केवल अपने कर्मों का फल नहीं भोगता, बल्कि वह अपने वंश के कर्मों का उत्तराधिकारी भी होता है। उसका जन्म उस वंश की अधूरी इच्छाओं, अधूरे संकल्पों और अधूरे कर्मों को पूर्ण करने के लिए होता है। इसी सूक्ष्म रहस्य को "पितृ दोष" कहा गया है। यह केवल एक ज्योतिषीय योग नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर चलने वाला एक गहरा संवाद है — जो वर्तमान जीवन को उसके मूल, उसके पूर्वजों से जोड़ता है।

कुंडली में जब सूर्य और राहु एक साथ आ जाते हैं, या जब सूर्य अष्टम या द्वादश भाव में चला जाता है, तब यह संकेत होता है कि व्यक्ति के जीवन में पितृ तत्व शांति की स्थिति में नहीं हैं। सूर्य जहां पितरों की कृपा, आत्मा की चेतना और वंश की आभा का प्रतीक है, वहीं राहु उस अपूर्ण कर्म का संकेत है जो अभी भी दिशा खोज रहा है। जब ये दोनों मिलते हैं, तब व्यक्ति का जीवन दो विपरीत धाराओं में बहने लगता है — एक ओर उसे प्रकाश की ओर बढ़ना है, दूसरी ओर अतीत का अंधकार उसे बार-बार खींचता है।

राहु का पंचम या नवम भाव में होना, राहु सिंह राशि में स्थित होना, या राहु प्रथम भाव में रहकर आत्मा पर प्रभाव डालना — ये सभी योग बार-बार यह दर्शाते हैं कि वंश में कोई ऐसी आत्मा है जिसे शांति नहीं मिली। जब चंद्रमा केतु के साथ होता है, तो व्यक्ति का मन स्वयं ही अतीत में डूबा रहता है। उसे बिना कारण भय, चिंता या बेचैनी घेरती है। वह व्यक्ति जितना अध्यात्म से जुड़ता है, उतना ही गहरे भीतर कोई अनसुनी आवाज उसे पुकारती है। यही आवाज उसके पितरों की होती है।

जो जातक कार्तिक मास में, विशेष रूप से 15 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच जन्म लेते हैं, उनके सूर्य तुला राशि में नीच के होते हैं। यह वह काल है जब सूर्य का तेज न्यूनतम होता है और राहु की छाया अधिक सक्रिय रहती है। यही कारण है कि इस अवधि में जन्मे जातक प्रायः आत्मिक दृष्टि से गहरे होते हैं, लेकिन उनके जीवन में प्रारंभ से ही रहस्यमयी कठिनाइयाँ, रिश्तों में असंतुलन और मानसिक द्वंद्व देखने को मिलता है।

ऐसे योग जिनमें सूर्य राहु से पीड़ित हो या नवम भाव राहु-केतु के अधीन हो, वे केवल कर्मफल नहीं, बल्कि आत्मा को दिया गया एक कार्य होते हैं। यह कार्य है अपने पूर्वजों की मुक्ति का। यही कारण है कि ऐसे लोगों के जीवन में एक जैसी परिस्थितियाँ बार-बार आती हैं — योग्य संतान दिशा नहीं पा रही, विवाह में विलंब या टूटन, धन के बाद भी शांति नहीं, घर में बार-बार विवाद, तुलसी का सूख जाना, भोजन में बाल मिलना, या घर के पालतू पशु का अचानक मर जाना। ये सब संकेत हैं कि कोई अदृश्य ऊर्जा अपने अस्तित्व का अहसास दिला रही है।

वास्तु के अनुसार भी जब घर के दक्षिण-पश्चिम कोने में, जो पितरों की दिशा मानी जाती है, शौचालय या सेप्टिक टैंक होता है, तब यह दिशा दूषित हो जाती है। उस दिशा से नकारात्मक ऊर्जा घर में फैलने लगती है और पितरों का क्षेत्र असंतुलित होता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति चाहे जितनी मेहनत करे, परिणाम देर से या अधूरे मिलते हैं। राहु महादशा का बचपन या युवावस्था में आरंभ होना भी एक संकेत है कि आत्मा का सामना अधूरे कर्मों से जल्दी हो जाएगा। यह वह काल होता है जब व्यक्ति बिना कारण संघर्षों में उलझता है। परिवार के भीतर कलह, धन आने पर भी अशांति, रोग, नशे की प्रवृत्ति या अचानक मृत्यु जैसी घटनाएँ उसी अदृश्य दोष का परिणाम होती हैं।

(क्रमशः)

## न्यूज़ ब्रीफ

### रांची में शुरू हुआ भुंगरू एक्वा लाइन जल संचयन प्रोजेक्ट

**रांची।** रांची जिला में पानी बचाने और गांवों को साफ पानी देने की एक नई पहल शुरू हुई है। सोमवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने भुंगरू एक्वा लाइन जल संचयन प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस प्रोजेक्ट के तहत बारिश के पानी को इकट्ठा किया जाएगा, ताकि भूजल का स्तर बढ़े और गांवों में पीने का साफ पानी आसानी से मिल सके। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, जल विभाग के कर्मचारी, गांव के प्रधान और कई स्थानीय लोग शामिल हुए। उपायुक्त ने कहा कि पानी ही जीवन है. यह प्रोजेक्ट न सिर्फ पानी बचाने में मदद करेगा, बल्कि गांवों की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों को मजबूत बनाएगा। हमारा प्रशासन जल संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि अब हमें नशा, कुप्रथाओं और पर्यावरण के नुकसान जैसे "नए अंग्रेजों" से भी लड़ना होगा। भुंगरू प्रोजेक्ट इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उपायुक्त ने इस योजना को लागू करने में जुड़े जल एवं स्वच्छता मिशन, पीएचईडी और एनजीओ टीमों की सराहना की और कहा कि हर तीन महीने में प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### पीएम किसान योजना के नाम पर सवा लाख की ठगी

**हजारीबाग:** साइबर अपराधी आज के समय में अपना दायरा बढ़ाते जा रहे हैं. अगर थोड़ी सी भी चूक हुई तो आप साइबर अपराधियों के झांसे में फंस सकते हैं. अनवांटेड लिंक टच करना किसी खतरा से कम नहीं है. इसी कड़ी में हजारीबाग से पीएम किसान योजना का लालच दिखाकर साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है. दरअसल हजारीबाग के बरही के रहने वाले रईस यादव, साइबर अपराधियों के चंगुल में ऐसे फंसे कि उनका सवा लाख रुपया खाता से गायब हो गया. उन्होंने यही गलती की थी कि पीएम किसान योजना की लिंक व्हाट्सएप ग्रुप में खोल दिया. जैसे ही उन्होंने लिंक खोला उनका फोन हैक हो गया और खाते से लगभग सवा लाख रुपया, साइबर अपराधियों ने गायब कर दिया. खाते से पैसे निकलने के बाद पीड़ित साइबर थाना और एसपी दफ्तर के चक्कर लगा रहा है. पीड़ित ने बताया कि परिजनों ने खाते में रखने के लिए ये पैसे दिये थे ताकि जरूरत पड़ने पर जमा पैसे को काम आने पर निकालकर दिया जा सके.

### नीतीश कुमार के समता पार्टी से साथ रहे अनंत राय ने की बगावत

**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समता पार्टी के स्थापना काल से उनके खासमखास माने जाते रहे अनंत राय ने पार्टी से बगावत कर दी है और नरपतगंज विधानसभा से बुधवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। फारबिसगंज अनुमंडल कार्यालय में डीसीएलआर कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमित कुमार के पास अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। फारबिसगंज अनुमंडल में नामांकन पर्चा दाखिल करने वाले अनंत राय पहले उम्मीदवार बने। फारबिसगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर में नामांकन की प्रक्रिया को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है।

# भाजपा की दूसरी कैंडिडेट लिस्ट जारी

## अलीनगर से मैथिली ठाकुर, बक्सर से आनंद मिश्रा को टिकट

एजेंसी । पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इस सूची में 12 कैंडिडेट के नाम हैं। मशहूर लोक गायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर से टिकट मिला है। वहीं, बक्सर सीट से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि पहली कैंडिडेट लिस्ट में भाजपा ने 71 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किए थे। एनडीए के अंदर 101 सीटों पर लड़ रही भाजपा ने अब तक 83 सीटों पर कैंडिडेट के नाम घोषित कर दिए हैं।



**भाजपा जॉइन करने के अगले ही दिन मैथिली को टिकट**

चर्चित लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने एक दिन पहले ही पटना में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली थी। पहले उनके मधुबनी जिले की बेनीपट्टी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा थी। फिर भाजपा की पहली कैंडिडेट लिस्ट में बेनीपट्टी से मौजूदा विधायक विनोद नारायण झा को ही टिकट दिया गया।

### इन उम्मीदवारों को टिकट

- अलीनगर- मैथिली ठाकुर
- हायाघाट- रामचंद्र प्रसाद
- मुजफ्फरपुर- रंजन कुमार
- गोपालगंज- सुभाष सिंह
- बनियापुर- केदार नाथ सिंह
- छपरा- छोटी कुमारी
- सोनपुर- विनय कुमार सिंह
- रोसड़ा- बीरेंद्र कुमार
- बाढ़- सियाराम सिंह
- अगिआंव- महेश पासवान
- शाहपुर- राकेश ओझा
- बक्सर- आनंद मिश्रा

### जन सुराज से आए आनंद मिश्रा को बक्सर से टिकट

दूसरी ओर, पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा को भी भाजपा ने बक्सर से टिकट दे दिया है। वे दो महीने पहले ही प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी छोड़कर भाजपा में आए थे। बता दें कि आनंद मिश्रा ने आईपीएस की नौकरी छोड़कर राजनीति में कदम रखा था। 2024 के लोकसभा चुनाव में उनके भाजपा के टिकट पर बक्सर से लड़ने की चर्चा चली थी। भाजपा में बात नहीं बन पाई तो वे निर्दलीय ही बक्सर से उतरे थे लेकिन हार गए। इसके बाद वे पीके की जन सुराज पार्टी में चले गए थे। अब बक्सर विधानसभा सीट से भाजपा का कमल खिलाने का दारोमदार उन पर रहेगा।

# झारखंड में घटने लगी हाथियों की संख्या

एजेंसी । रांची



देश की पहली DNA-आधारित जनगणना के अनुसार, झारखंड में जंगली हाथियों की आबादी में भारी गिरावट दर्ज की गई है। यह संख्या 217 तक पहुंच गई है, जो 2017 के 678 के आंकड़े से बहुत कम है। वन्यजीव विशेषज्ञों ने इसे चिंताजनक बताया है और इस गिरावट के लिए बढ़ते मानव-हाथी संघर्ष, हाथियों के आवागमन के गलियारों पर अतिक्रमण और पर्यावास के नुकसान (habitat loss) को जिम्मेदार ठहराया है। अखिल भारतीय समकालिक हाथी आकलन (SAIEE) 2025 ने झारखंड में हाथियों की आबादी को 149 और 286 के बीच रखा है, जिसका औसत 217 है।

### विशेषज्ञों की राय

राज्य वन्यजीव बोर्ड के पूर्व सदस्य डी एस श्रीवास्तव ने बताया, ₹झारखंड अब हाथियों के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं रहा। हमने खनन, सड़क निर्माण और अन्य गतिविधियों के माध्यम से उनके प्राकृतिक आवासों को नष्ट कर दिया है। उनके आवागमन के गलियारों पर या तो अतिक्रमण कर लिया गया है या उन्हें नष्ट कर दिया गया है। जंगलों के अंधाधुंध विनाश के कारण हाथियों को भोजन, विशेष रूप से बांस की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है।

### आंकड़ों पर एक नजर

रिपोर्ट में कहा गया है कि आवास के नुकसान के बीच, हाथी हजारीबाग और रांची जैसे नए क्षेत्रों में पलायन कर रहे हैं, जिससे संघर्ष को कम करने में चुनौतियां आ रही हैं। इस वजह से गंभीर मानव-हाथी संघर्ष भी हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 2004 और 2017 के बीच हाथियों की लगभग 30 मौतें दर्ज की गईं, जो मुख्य रूप से बीमारियों, बिजली के झटके, जहर दिए जाने, अवैध शिकार और ट्रेन दुर्घटनाओं के कारण हुईं। एक राज्य वन अधिकारी ने बताया कि हाल के वर्षों में पश्चिमी सिंहभूम जिले में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) विस्फोटों में कम से कम पाँच हाथी मारे गए थे।

# दिवाली पर व्यवधान तो सीधे जेल: सीएम योगी

एजेंसी । लखनऊ

प्रदेशवासियों को पंच दिवसीय दीप पर्व की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को चेतावनी दी कि दीपावली के उत्साह में व्यवधान डालने वालों की जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी। उन्होंने कहा कि अब यह वह सरकार नहीं है जो दंगाइयों के आगे घुटने टेक दे। यह संदेश उन्होंने लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण के दौरान दिया।

### उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को सौगात



मुख्यमंत्री ने बताया कि दीपावली से पहले यह प्रदेश के 1.86 करोड़ गरीब परिवारों के लिए बड़ा उपहार है। 2021 से राज्य सरकार होली और दीपावली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलेंडर देती रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने नारी गरिमा को सम्मान दिया और घर-घर में स्वास्थ्य और सुविधा का उजाला फैलाया है। योगी आदित्यनाथ ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में सभी त्योहार—होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस, गुरु पर्व, जन्माष्टमी और रामनवमी—शांति और सौहार्द के साथ मनाए जाने की बात कही।

# 5.5 लाख छात्रों को मिलेगी स्कॉलरशिप

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के कक्षा नौ से कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए अच्छी खबर है। उनकी स्कॉलरशिप मिलने की डेट आ गई है। कक्षा नौ से कक्षा 12 तक के साढ़े पांच लाख से अधिक छात्रों को 17 अक्तूबर को छात्रवृत्ति का विवरण किया जाएगा। राजधानी लखनऊ के लोक भवन में कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन छात्रों को छात्रवृत्ति का वितरण करेंगे। बीते सितंबर में योगी ने इन कक्षाओं के 3.96 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति बांटी थी। फिलहाल, समाज कल्याण विभाग ने कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी हैं।

### 12 छात्रों को देंगे छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर 12 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र देंगे। जिसमें अनुसूचित जाति, सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग के तीन-तीन विद्यार्थी, अल्पसंख्यक वर्ग के दो छात्र और एक अनुसूचित जनजाति का छात्र शामिल रहेगा। छात्रवृत्ति वितरण समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां भी तेज कर दी गई है। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी और अधिकारी इसमें लग गए है।

# एक्शन के मोड में मायावती

एजेंसी । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इस दौरान वह बीती 9 अक्तूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित रैली को सफल बनाने वाले पार्टी के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करने के साथ उनका हौसला भी बढ़ाएंगी। बता दें कि बैठक में आगामी पंचायत चुनाव और डेढ़ साल बाद प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। इसके अलावा पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव में बूथ स्तर पर बैठकों का आयोजन करने के बाबत पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा भी होगी। बसपा ने बीते नौ अक्तूबर को सफल रैली का आयोजन किया था। इस रैली में बड़ी संख्या में समर्थक उमड़े थे। एक अनुमान के मुताबिक करीब पांच लाख लोग इस रैली में शामिल हुए थे। बसपा संगठन इस रैली से उत्साहित था। इस रैली में मायावती ने आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी देने के संकेत दिए थे।

# 17 अक्तूबर को फतेहपुर जाएंगे राहुल गांधी

एजेंसी । लखनऊ

राहुल गांधी 17 अक्तूबर को दलित युवक हरिओम वाल्मिकी के परिजनों से मिलने के लिए यूपी के फतेहपुर जाएंगे। हरिओम की बीते दिनों रायबरेली के ऊंचाहार में कुछ उपद्रवी द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में कांग्रेस ने सख्त रवैया अपनाया था। राहुल ने हरिओम के पिता से फोन पर बात की थी। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय उनके परिवार से मिलने के लिए गए थे।

# झामुमो ने किया प्रत्याशी का ऐलान

एजेंसी । रांची

घाटशिला उपचुनाव के लिए झामुमो ने अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। झामुमो की ओर से सोमेश सोरेन को अपना प्रत्याशी बनाया गया है। सोमेश सोरेन पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के बेटे हैं। रांची में आयोजित झामुमो की केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमेश सोरेन के नाम की घोषणा की। बैठक में यह भी बताया गया कि 17 अक्टूबर को सोमेश चंद्र सोरेन अपना नामांकन दाखिल करेंगे। गौरतलब हो कि आज बुधवार को रांची के सोहराय भवन में झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक



हुई। जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने की। बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ-साथ बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव और घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर विशेष चर्चा हुई।

# बिजली चोरी के आरोप में 10 लोगों पर जुर्माना और प्राथमिकी

एजेंसी । रामगढ़

रामगढ़ में बिजली चोरी के आरोप में सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार सिंह ने थाना में 10 लोगों पर जुर्माना लगाने के साथ प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है। पुलिस की ओर से कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को दिए आवेदन में अभियंता की ओर से बताया गया है कि 14 अक्टूबर को बिजली चोरी रोकथाम के लिए एक छापेमारी दल का गठन किया गया था। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते 10 लोग पाए गए।




# 15 साल से अधिक आयु वालों की बेरोजगारी दर बढ़ी

एजेंसी । नई दिल्ली

सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर मामूली रूप से बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, अगस्त में बेरोजगारी दर (यूआर) 5.1 प्रतिशत, जुलाई में 5.2 प्रतिशत व मई और जून में 5.6 प्रतिशत थी। मई 2025 में जारी प्रथम पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार अप्रैल में बेरोजगारी दर (यूआर) 5.1 प्रतिशत थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में यूआर पिछले दो महीनों के दौरान गिरावट के बाद अगस्त 2025 में दर्ज 5.1 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर सितंबर 2025 में 5.2 प्रतिशत हो गया।



**ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के आंकड़े**

सर्वेक्षण के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में ग्रामीण क्षेत्रों में यूआर में वृद्धि (अगस्त 2025 में 4.3 प्रतिशत से सितंबर 2025 में 4.6 प्रतिशत तक) और शहरी क्षेत्रों में यूआर में मामूली वृद्धि (अगस्त 2025 में 6.7 प्रतिशत से सितंबर 2025 में 6.8 प्रतिशत तक) ने समग्र यूआर में इस वृद्धि में योगदान दिया।15 वर्ष और उससे अधिक आयु की शहरी महिलाओं में यूआर अगस्त 2025 के दौरान 8.9 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2025 में 9.3 प्रतिशत हो गया।

# डॉलर की तुलना में मजबूत हुआ रुपया

एजेंसी । नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती के संकेत और डॉलर इंडेक्स की कमजोरी का असर आज भारतीय मुद्रा बाजार में दिखाई दिया। इस सकारात्मक माहौल के चलते रुपया डॉलर के मुकाबले 72 पैसे मजबूत होकर 88.08 रुपए (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ।

### अंत में डॉलर के मुकाबले स्थिर प्रदर्शन

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ। एनबी सिंह का कहना है कि पुरुष नसबंदी के बाद किसी भी तरह की शारीरिक या यौन कमजोरी नहीं आती है। यह पूरी तरह सुरक्षित और आसान है। लेकिन, अधिकांश पुरुष इसे अपनाने में हिचक रहे हैं। कहीं ना कहीं अभी भी पुरुष नसबंदी से संबंधित जानकारी की कमी है।



### कारोबार की शुरुआत और शुरुआती उतार-चढ़ाव

रुपए ने आज के कारोबार की शुरुआत 54 पैसे की तेजी के साथ 88.26 रुपए के स्तर से की। हालांकि, सुबह स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण रुपया 88.39 रुपए तक कमजोर हुआ। इस दौरान कारोबार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। रुपए में मजबूती के पीछे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हस्तक्षेप की खबर का अहम योगदान रहा। इस खबर से रुपया 1.05 रुपए मजबूत होकर 87.75 रुपए प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि बाद में कोई वास्तविक हस्तक्षेप नहीं होने के कारण मुद्रा इस स्तर से नीचे लौट गई।

# सोना 562 महंगा होकर 1.27 लाख के करीब, चांदी 4,100 हुई सस्ती

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

सोने के दाम में तेजी और चांदी में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 562 रुपए बढ़कर 1,26,714 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। कल ये 1,26,152 रुपए पर था। इस महीने के पहले 15 दिन में सोना 10,000 रुपए से ज्यादा महंगा हुआ है, यानी रोजाना औसत 700 रुपए बढ़ा है। वहीं, चांदी की कीमत 4,100 रुपए घटकर 1,74,000 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। कल चांदी 1,78,100 रुपए के ऑल टाइम हाई पर थी। वहीं, चांदी का भाव भी 34,000 रुपए यानी रोजाना 2,500 रुपए से ज्यादा बढ़ा है। फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल सप्लाई में कमी और मांग बढ़ने की वजह कीमतों में लगातार तेजी है।

# चीन ने डब्ल्यू में भारत के खिलाफ की शिकायत



एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (EV) को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही सब्सिडी पर चीन ने नाराजगी जताई है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने बुधवार को इस मामले में विश्व व्यापार संगठन (WTO) में भारत के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। चीन का दावा है कि भारत की यह भारी भरकम सब्सिडी उसकी घरेलू कंपनियों को अनफेयर एडवांटेज दे रही हैं। इससे भारत में बिकने वाले चीनी इलेक्ट्रिक गाड़ियों और EV प्रोडक्ट्स पर असर हो रहा है। इससे चीन के हितों को नुकसान पहुंच रहा है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि वह अपने उद्योगों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाएगा।

# हरे निशान पर बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बुधवार को भारतीय बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस महीने के अंत में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच यह तेजी आई। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 575.45 अंक या 0.70 प्रतिशत उछलकर 82,605.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 697.04 अंक या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 82,727.02 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 178.05 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,323.55 पर आ गया।

### रुपए में आई 75 पैसे की तेजी



डॉलर के मुकाबले 75 पैसे की तेजी के साथ 88.06 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो कि लगभग चार महीनों में इसकी सबसे बड़ी इंट्राडे बढ़त है। ऐसा आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप और घरेलू बाजारों में तेजी के कारण हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर आशावाद के कारण घरेलू बाजार में लगभग 0.70 प्रतिशत की तेजी आई। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व सबसे ज़्यादा लाभ में रहीं। एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और अदानी पोर्ट्स भी लाभ में रहीं। वहीं, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक पिछड़ गए।

# भारत का निर्यात सितंबर में 6.74 प्रतिशत बढ़कर 36.38 अरब डॉलर हुआ

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत का निर्यात सितंबर महीने में 6.74 प्रतिशत बढ़कर 36.38 अरब डॉलर हो गया। बुधवार को सरकार की ओर से इसके आंकड़े जारी किए गए। आयात 16.6 प्रतिशत बढ़कर 68.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। माह के दौरान देश का व्यापार घाटा 32.1 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। सोना, चांदी, उर्वरक और इलेक्ट्रॉनिक्स के आयात में वृद्धि के कारण आयात में वृद्धि हुई। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में निर्यात 3.02 प्रतिशत बढ़कर 220.12 अरब डॉलर हो गया। आयात 4.53 प्रतिशत बढ़कर 375.11 अरब डॉलर हो गया।

### व्यापार घाटा 30.37 प्रतिशत बढ़ा



हालांकि, आंकड़ों के अनुसार, वस्तु आयात 16.7 प्रतिशत बढ़कर 68.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 58.74 अरब अमेरिकी डॉलर था। इसका मतलब यह है कि व्यापार घाटा 30.37 प्रतिशत बढ़कर 24.66 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 32.15 अरब डॉलर था। अनुमानित सेवा आंकड़ों के साथ मासिक आधार पर, भारत का व्यापार घाटा (माल और सेवाएं संयुक्त) सितंबर 2025 में बढ़कर 16.61 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 8.60 अरब डॉलर था। हालांकि, वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि चूंकि आरबीआई ने अभी तक सेवा क्षेत्र के लिए सितंबर माह का आंकड़ा जारी नहीं किया है।

# एयर इंडिया 26 अक्टूबर से 174 नई उड़ानें शुरू करेगी

एजेंसी । नई दिल्ली

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने 26 अक्टूबर से उत्तरी शीतकालीन कार्यक्रम के तहत प्रमुख घरेलू और कम दूरी के अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 174 साप्ताहिक उड़ानें जोड़ने की घोषणा की है। एयर इंडिया इनका संचालन अपने सिंगल-आइल विमानों के जरिए करेगी। इन उड़ानों से भारतीय शहरों के साथ दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लोकप्रिय गंतव्यों के लिए कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

# स्पिनर्स का चला जादू

## पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को हराया

एजेंसी | लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को 93 रन से हराते हुए 2 मैचों की सीरीज में बढ़त हासिल की। लाहौर टेस्ट में जीत के लिए मिले 277 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम अपनी दूसरी पारी में 183 रन पर सिमट गई। दिलचस्प रूप से पाकिस्तान ने 2021 के बाद दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट में हराने में सफलता हासिल की है।



### मुथुसामी ने मैच में लिए कुल 11 विकेट

पाकिस्तान की पहली पारी में 6 विकेट लेने वाले मुथुसामी ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। वह टेस्ट क्रिकेट में 10 विकेट हॉल लेने वाले चौथे प्रोटियाज स्पिनर बने हैं। ह्यूग टेफील्ड ने 1952 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में 13/165 और 1957 में इंग्लैंड के खिलाफ 13/192 के आंकड़े दर्ज किए थे। उसके बाद 2003 में पॉल एडम्स ने बांग्लादेश के खिलाफ 10/106 और 2018 में केशव महाराज ने श्रीलंका के खिलाफ 12/283 के आंकड़े दर्ज किए थे।

### इस तरह से जीती पाकिस्तानी टीम

पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 378 रन बनाए थे। मेजबान टीम से इमाम उल हक और आघा सलमान ने 93-93 रन की पारियां खेली। इसके जवाब में प्रोटियाज टीम की पारी टोनी डी जोरजी के शतक (104) की मदद से 269 रन पर सिमट गई। बढ़त हासिल करने वाली पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 167 रन पर ढेर हुई। शाहीन (4/33) और नोमान (4/79) की घातक गेंदबाजी के चलते दक्षिण अफ्रीकी टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

### नोमान अली ने मुकाबले में लिए कुल 10 विकेट

पाकिस्तानी स्पिनर नोमान अली ने मैच में कुल 10 विकेट लेते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पाकिस्तान की पहली पारी में 35 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 112 रन देते हुए ये 6 विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उन्होंने 79 रन देते हुए 4 सफलताएं हासिल की। उन्होंने टेस्ट मैच की दोनों पारियों को मिलाकर कुल तीसरी बार 10 या अधिक विकेट लेने का कारनामा किया।

### टोनी डी जोरजी ने लगाया अपना दूसरा टेस्ट शतक

दक्षिण अफ्रीका ने जब 80 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब जोरजी क्रीज पर आए। उन्होंने पाकिस्तानी गेंदबाजों का डटकर सामना किया और एक छोर से निरंतर रन बनाना जारी रखा। मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र के दौरान उन्होंने अपनी पारी को शतक में तब्दील किया। इस बीच उन्होंने रयान रिकेलटन (71) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी भी की।

### विश्व टेस्टचैंपियनशिप में हुआ बदलाव

हाल ही में पाकिस्तान की टीम ने विश्व टेस्टचैंपियनशिप (WTC) साइकिल में अपना पहला मैच खेला और कप्तान शान मसूद की अगुवाई में जीत हासिल कर ली। इस शानदार शुरुआत के साथ ही पाकिस्तान ने पॉइंट्सटेबल में लंबी छलांग लगाई है और सीधे दूसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया है।

### मार्करम ने पूरे किए अपने 3,000 टेस्ट रन

दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर रहे मार्करम ने 20 और 3 रन के स्कोर किए। अपनी पहली पारी के दौरान मार्करम ने 3,000 टेस्ट रन पूरे किए। मार्करम ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 47 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 86 पारियों में 3,000 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 8 शतक और 13 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2017 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।

### भारत को हुआ नुकसान

पाकिस्तान के इस धमाकेदार प्रदर्शन का सीधा असर भारतीय टीम पर पड़ा है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को एक स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह चौथे पायदान पर खिसक गई है। भारत ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें उन्हें चार जीत, दो हार और एक ड्रॉ मिला है। उनके पास 52 रेटिंगपॉइंट्स हैं और उनका जीत प्रतिशत 61.90 है।

## आईसीसी रैंकिंग

## टेस्ट में यशस्वी जायसवाल को हुआ फायदा

### वनडे में राशिद खान बने नंबर-1 गेंदबाज

एजेंसी | दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में भारत के यशस्वी जायसवाल को फायदा पहुंचा है। जायसवाल टेस्ट प्रारूप में बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्हें 2 पायदान का फायदा हुआ है। वहीं, वनडे प्रारूप में अफगानिस्तान के राशिद खान शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है।

### शीर्ष रैंक वाले भारतीय बल्लेबाज हैं जायसवाल



जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में सम्पन्न हुई टेस्ट सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया था। भारतीय टीम से पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 3 पारियों में 73.00 की औसत के साथ 219 रन बनाए थे। उन्होंने दिल्ली टेस्ट की पहली पारी में 175 रन बनाए थे। जायसवाल के अब 791 रेटिंग अंक हो गए हैं। शीर्ष-10 टेस्ट बल्लेबाजों में जायसवाल के अलावा सिर्फ ऋषभ पंत 8वें स्थान पर हैं।

### इब्राहिम जादरान वनडे में दूसरे स्थान पर पहुंचे

बल्लेबाजी में अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान 8 पायदान की लंबी छलांग लगाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 213 रन बनाकर उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। उनके अब 687 रेटिंग अंक हो गए हैं। वह अब सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल करने वाले अफगानिस्तानी खिलाड़ी बन गए हैं। बता दें कि पिछले नवंबर में रहमानुल्लाह गुरबाज के 686 अंकों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

### वनडे में राशिद खान बने नंबर-1 गेंदबाज

अफगानी दिग्गज राशिद ने हाल ही में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ सम्पन्न हुई वनडे सीरीज में बेहतरीन गेंदबाजी की थी। इस लेग स्पिनर ने 3 मैचों में 24.3 की औसत और 6.09 की इकॉनमी रेट के साथ 11 विकेट लिए। उन्होंने सीरीज के दूसरे वनडे में 5 विकेट भी लिए थे। राशिद के अब 710 रेटिंग अंक हो गए हैं। प्रोटियाज गेंदबाज केशव महाराज के 680 रेटिंग अंक हैं।

### कुलदीप यादव को टेस्ट रैंकिंग में हुआ फायदा

टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के कुलदीप यादव 7 पायदान चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दिल्ली टेस्ट में उन्होंने कुल 8 विकेट लिए थे। वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन (30वें) और रोस्टन चेज (57वें) ने भी भारत के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। वहीं शाई होप (66वें) और जॉन कैंपबेल (68वें) भी बल्लेबाजी रैंकिंग में ऊपर चढ़े हैं।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना

### धीमी ओवर गति के चलते लिया गया फैसला

**वनडे विश्व कप 2025**

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अपने पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ हार मिली थी। उस शिकस्त के बाद अब भारतीय टीम के लिए एक और बुरी खबर है। दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय टीम पर धीमी ओवर गति के चलते जुर्माना लगाया है। भारतीय टीम निर्धारित समय तक अपने ओवर के पूरे करने में विफल रही थी।

### मैच फीस का 5 प्रतिशत लगा जुर्माना



धीमी ओवर गति के चलते भारतीय टीम पर मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध भारत अपने निर्धारित समय से 1 ओवर पीछे रहा, जिसके बाद मैच रेफरी के मिशेल पेरेरा ने ये कार्रवाई की।बता दें कि यह आरोप मैदानी अंपायर सू रेडफर्न और निमाली परेरा, तीसरे अंपायर किम कॉटन और चौथे अंपायर जैकलीन विलियम्स द्वारा भारत के खिलाफ लगाया गया था।

### क्या कहता है ICC का नियम?


ICC के नियम के तहत किसी टीम ने तय समय के अंदर जितने ओवर कम फेंके होते हैं उसके टीम के सदस्यों को प्रति ओवर के हिसाब से मैचफीस का 5 प्रतिशत जुर्माने के रूप में देना पड़ता है। ऐसे में अगर भारतीय टीम 2 ओवर पीछे रह जाती तो उस पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगता। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी गलती मानी है जिसके चलते उन पर कोई आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को स्मृति मंधाना (80) और प्रतीका रावल (75) ने 155 रन की साझेदारी करते हुए मजबूत शुरुआत दी। उसके बाद हरलीन देओल (38), जेमिमा रोड्रिग्स (33) और ऋचा घोष (32) ने स्कोर को 330/10 तक पहुंचाने में मदद की।

## भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को नई दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई है। इस दौरे पर शुभमन गिल पहली बार वनडे टीम की कमान संभालेंगे। भारत 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगा। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद यह भारत की पहली वनडे सीरीज है। टीम में अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा शामिल हैं, जिन्होंने टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

### अंतिम बार 2021-22 में खेली थी वनडे सीरीज



भारत ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में 2021-22 सीजन में वनडे सीरीज खेली थी, जिसमें उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। तब से टीम में बड़े बदलाव हुए हैं। उस समय कोहली भारतीय टीम के कप्तान थे। टीम में शिखर धवन, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद शमी भी शामिल थे। इस बार टीम में चहल और शमी को जगह नहीं मिली है, वहीं सलामी बल्लेबाज धवन क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 19 अक्टूबर को पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा वनडे मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड और तीसरा मुकाबला 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा। इसी तरह 5 टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 29 अक्टूबर को कैनबरा, दूसरा मैच 31 अक्टूबर को मेलबर्न, तीसरा 2 नवंबर को होबार्ट, चौथा 6 नवंबर को गोल्ड कोस्ट और 5वां मुकाबला 8 नवंबर को ब्रिसबेन में खेला जाएगा।

### ऐसी है भारतीय टीम

**वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और ध्रुव जुरेल।

**टी-20 सीरीज के लिए टीम :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, नितीश रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा।

## बॉ ली वु ड

## विक्की कौशल ने इशारों-इशारों में किया खुलासा, कैटरीना बनने वाली हैं मां



बॉलीवुड कपल कैटरीना कैफ और विक्की कौशल जल्द ही अपने जीवन के सबसे खूबसूरत अध्याय की शुरुआत करने वाले हैं। अभिनेत्री का मां बनने का वक्त नजदीक है और अब खुद विक्की कौशल ने इस खुशखबरी का इशारा देकर फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। मुंबई में आयोजित एक इवेंट के दौरान विक्की कौशल ने पहली बार पिता बनने को लेकर अपनी भावनाएं शेयर कीं। जब उनसे पूछा गया कि वह पिता बनने की किस बात का सबसे ज्यादा इंतजार कर रहे हैं, तो मुस्कुराते हुए अभिनेता ने कहा, बस पिता बनने का ही। उनके चेहरे की चमक और मुस्कान ने साफ कर दिया कि वह इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। विक्की ने आगे कहा, ये हमारी जिंदगी का सबसे बड़ा आशीर्वाद है। मैं बेहद उत्साहित हूं। उन्होंने यह भी जोड़ा, अब तो वक्त करीब है... बस उंगलियां क्रॉस की हैं। अभिनेता ने हंसते हुए कहा, मुझे लग रहा है कि अब तो मैं घर से बाहर निकलने वाला ही नहीं हूं। उनके इन बयानों से यह साफ है कि कौशल परिवार में जल्द ही नन्हे मेहमान की किलकारी गूंजने वाली है। सोशल मीडिया पर फैंस इस खबर को लेकर बेहद खुश हैं और कपल को शुभकामनाएं दे रहे हैं। कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने दिसंबर 2021 में राजस्थान में शाही अंदाज में शादी रचाई थी। तब से दोनों बॉलीवुड के सबसे प्यारे जोड़ों में गिने जाते हैं और अब उनके जीवन में एक नई शुरुआत की घड़ी करीब आ चुकी है।

## रॉयल लुक में रैंप पर उतरे सलमान खान



डिजाइनर विक्रम फडणवीस के मुंबई में आयोजित भव्य फैशन शो में सलमान खान ने शोस्टॉपर बनकर रैंप पर ऐसा जलवा बिखेरा कि पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। काले रंग की शेरवानी में सलमान का शाही अंदाज देखते ही बनता था। उनकी एंट्री ने जैसे ही माहौल को बदल दिया, दर्शकों की निगाहें उन्हीं पर ठहर गईं।

### सुष्मिता सेन का रिएक्शन बना हाइलाइट

रैंप पर सलमान को देख उनकी दोस्त और पूर्व को-स्टार सुष्मिता सेन खुद को रोक नहीं पाईं। वो अपनी सीट से खड़ी होकर तालियां बजाने लगीं। सलमान ने भी मुस्कुराते हुए उनकी ओर हाथ बढ़ाया और मंच पर बुला लिया। सुष्मिता मंच पर आईं और सलमान को गले लगाकर इस पल को यादगार बना दिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### विक्रम फडणवीस के 35 साल का जश्न

यह शो विक्रम फडणवीस के फैशन इंडस्ट्री में 35 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। शो की थीम 'विंटेज इंडिया' रखी गई थी, जिसमें भारतीय पारंपरिक कला और कारीगरी को खूबसूरती से पेश किया गया। करीब 100 मॉडल्स ने इसमें हिस्सा लिया। इस ग्लैमरस शाम में कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। जया बच्चन और श्वेता बच्चन दर्शकों में बैठे इस शानदार प्रदर्शन का आनंद ले रही थीं। अभिनेत्री बिपाशा बसु ने भी सलमान के रैंप वॉक का वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।सुरक्षा के कड़े इंतजामफैशन शो के दौरान सलमान के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी गई थी। कई सुरक्षाकर्मी रैंप के पास तैनात थे।

## अपकमिंग फिल्म से रणवीर सिंह का पहला लुक आया सामने




बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' को लेकर पहले ही प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता पैदा करने वाले रणवीर अब एक और नए प्रोजेक्ट के चलते चर्चा में हैं। उनकी नई फिल्म का पहला पोस्टर सामने आया है, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। पोस्टर में रणवीर का जबरदस्त लुकनिर्माताओं ने पोस्टर शेयर करते हुए सिर्फ इतना लिखा, 19 अक्टूबर, आग लगा दे। इस एक लाइन ने फैंस की जिज्ञासा और बढ़ा दी है। पोस्टर में रणवीर सिंह का लुक काफी अलग और तीखा नजर आ रहा है। उन्होंने आंखों पर काले चश्मे लगाए हैं, लंबे बाल और घनी दाढ़ी के साथ वे पूरी तरह उग्र और इंटेंस अवतार में दिखाई दे रहे हैं। उनके चेहरे के भाव और बॉडी लैंग्वेज से झलकता है कि फिल्म में उनका किरदार एक्शन और रहस्य से भरपूर होगा। इंटेलिजेंस ब्यूरो पर आधारित कहानी की चर्चाहालांकि निर्माताओं ने अभी तक कहानी का खुलासा नहीं किया है, लेकिन फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यह कहानी इंटेलिजेंस ब्यूरो की पृष्ठभूमि पर आधारित हो सकती है। रणवीर इसमें एक खुफिया एजेंट या स्पेशल ऑपरेटिव का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म का टोन एक्शन, थ्रिलर और ड्रामा का मिश्रण बताया जा रहा है। पहले जारी हुए पोस्टर्स ने बढ़ाया सस्पेंसइस रहस्यमयी फिल्म से पहले श्रीलीला और बॉबी देओल के पोस्टर्स भी जारी किए जा चुके हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। दोनों ही किरदारों के लुक ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। रणवीर का लुक सामने आने के बाद अब दर्शक फिल्म के टाइटल और ट्रेलर की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह फिलहाल कई बड़े प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर' और 'डॉन 3' में नजर आने वाले हैं। 'धुरंधर' में उनका दमदार देसी अंदाज देखने को मिलेगा, जबकि 'डॉन 3' में वह एक स्टाइलिश और हाई-ऑक्टेन एक्शन हीरो के रूप में दिखाई देंगे।

## आर माधवन ने पिता के किरदार निभाने पर तोड़ी चुप्पी



अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ। अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में इस बार दर्शकों को एक दिलचस्प ट्विस्ट देखने को मिलेगा, क्योंकि अभिनेता आर माधवन इसमें रकुल प्रीत सिंह के पिता का किरदार निभा रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर माधवन ने अपने किरदार, अजय देवगन के साथ काम करने के अनुभव और सीक्वल को लेकर अपने विचार शेयर किए। माधवन ने बताया कि उन्होंने पहली बार किसी फिल्म में पिता का रोल निभाया है और इस अनुभव को लेकर वह शुरू में थोड़ा घबराए हुए थे। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैंने पहले कभी पिता का किरदार नहीं निभाया है और अजय के ससुर का रोल निभाना अपने आप में चुनौतीपूर्ण था। अजय जैसे स्टार के साथ स्क्रीन शेयर करना एक बड़ा अनुभव था, लेकिन शुरुआत में मैं वाकई नर्वस था। अभिनेता ने अजय देवगन की प्रोफेशनलिज्म की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, मैंने कई स्टार्स को सेट पर व्यस्त देखा है, लेकिन अजय सर हमेशा पूरी तरह मौजूद रहते हैं। वो बेहद समर्पित और अनुशासित कलाकार हैं। उनके साथ काम करते हुए हमें एक अलग ही जुड़ाव महसूस हुआ। फिल्म इंडस्ट्री में सीक्वल्स की बढ़ती संख्या पर अपनी राय देते हुए माधवन ने कहा कि उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते कहानी दमदार हो। जब तक स्क्रिप्ट अच्छी है, सीक्वल से कोई दिक्कत नहीं है। 'दे दे प्यार दे 2' की कहानी मजेदार, भावनात्मक और ताजगी से भरी है। हमें पूरा यकीन है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे। हमने इसे बहुत प्यार और मेहनत से बनाया है। 'दे दे प्यार दे 2' साल 2019 में रिलीज हुई हिट फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल है, जिसमें अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। अब इस बार सीक्वल में रोमांस और कॉमेडी का दोगुना डोज मिलने वाला है। फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ग्रीन पटाखों पर 'सुप्रीम' फैसला

- दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे बेचने-फोड़ने की इजाजत
- 18 से 21 अक्टूबर तक परमिशन
- पर्यावरण से समझौता नहीं, बैलेंस अप्रोच अपनानी होगी: सीजेआई

एजेंसी | नई दिल्ली

दीपावली पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों पर लगी रोक को हटा दिया है। कोर्ट ने यह फैसला इसलिए लिया ताकि लोग पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना उत्सव की खुशियां मना सकें। तस्करी वाले पटाखों के बढ़ते खतरे और पर्यावरण के साथ संतुलन बनाए रखने की जरूरत को देखते हुए कोर्ट ने ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग को मंजूरी दी।



### बैन हटाने की वजह

सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन शामिल थे, ने केंद्र और दिल्ली सरकार की संयुक्त याचिका पर विचार करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट का मानना था कि दीपावली जैसे बड़े त्योहार में लोगों की भावनाओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन पर्यावरण की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जस्टिस गवई ने कहा, 'तस्करी वाले पटाखे हरी पटाखों की तुलना में कहीं ज्यादा नुकसानदेह हैं। ऐसे में हरी पटाखों को अनुमति देकर हम उत्सव की रौनक को बरकरार रख सकते हैं।' कोर्ट ने 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखों को जलाने की अनुमति दी, ताकि लोग सीमित और सुरक्षित तरीके से आतिशबाजी का आनंद ले सकें।

### तस्करी वाले पटाखों पर सख्ती

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली-एनसीआर में तस्करी से लाए गए पटाखे पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा हैं। इन पटाखों में हानिकारक रसायनों की मात्रा ज्यादा होती है, जो हवा को और जहरीला बनाते हैं। इसीलिए कोर्ट ने ग्रीन पटाखों को प्राथमिकता दी, जो कम प्रदूषण फैलाते हैं। साथ ही, कोर्ट ने आदेश दिया कि पटाखा निर्माताओं पर नजर रखने के लिए गश्ती टीमें तैनात की जाएंगी और सभी ग्रीन पटाखों के क्यूआर कोड को वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। अगर दिल्ली-एनसीआर के बाहर से कोई पटाखा बिकता पाया गया, तो विक्रेता का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

### प्रदूषण पर निगरानी का निर्देश

ग्रीन पटाखों को अनुमति देने के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण के स्तर पर कड़ी नजर रखने का भी निर्देश दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) और NCR के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को दीपावली के दौरान हवा की गुणवत्ता की निगरानी करने और इसके बाद विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। कोर्ट ने साफ किया कि यह अनुमति अस्थायी है और इसका मकसद उत्सव की खुशी को पर्यावरण के साथ संतुलित करना है।

डीबीडी एक्सप्लेनर

### ग्रीन पटाखे क्या होते हैं?

ग्रीन पटाखों को औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) और राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (NEERI) ने 2018 में विकसित किया था। इनमें पारंपरिक पटाखों की तुलना में हानिकारक रसायनों- जैसे बेरियम, पोटैशियम नाइट्रेट, सल्फर, एल्युमिनियम आदि की मात्रा बहुत कम होती है या बिल्कुल नहीं होती। इसमें ऐसे यौगिकों का इस्तेमाल किया जाता है जो कम धुआं छोड़ते हैं।

### ग्रीन पटाखों के तीन मुख्य प्रकार हैं


SWAS (Safe Water Releaser): जलने पर जलवाष्प छोड़ता है, जिससे धूल के कण दब जाते हैं और धुआं कम निकलता है। STAR (Safe Thermite Cracker): इसमें पोटैशियम नाइट्रेट और सल्फर नहीं होता, जिससे कम शोर और कम पीएम कण उत्सर्जित होते हैं। SAFAL (Safe Minimum Aluminium): इसमें पारंपरिक पटाखों की तुलना में एल्युमिनियम की मात्रा बहुत कम होती है या मैग्नीशियम का विकल्प इस्तेमाल होता है।

### कितने कम नुकसानदायक हैं ग्रीन पटाखे?

CSIR-NEERI के अनुसार ग्रीन पटाखे पारंपरिक पटाखों की तुलना में पीएम 10 और पीएम 2.5 के उत्सर्जन को 30-35% तक कम करते हैं। साथ ही सल्फर और नाइट्रोजन ऑक्साइड्स जैसे गैसीय प्रदूषकों में भी 35-40% तक कमी आती है। इन पटाखों से निकलने वाली आवाज भी 120 डेसीबल से कम होती है, जिससे ध्वनि प्रदूषण भी घटता है।

## भारतीयों को 2040 में चांद पर उतारने का लक्ष्य : इसरो प्रमुख

**रांची।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2040 तक भारतीयों को चंद्रमा पर उतारने का लक्ष्य तय किया है। इसरो प्रमुख वी नारायणन ने रांची के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहला मानवयुक्त मिशन 'गगनयान' 2027 की पहली तिमाही में लॉन्च हो सकता है। इस समय इसरो कई अंतरिक्ष परियोजनाओं और सुधारों पर काम कर रहा है, जिसमें 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और 2026 तक तीन गैर-मानव गगनयान मिशन शामिल हैं। पहला मिशन दिसंबर 2025 में लॉन्च होगा, जिसमें अर्ध-मानवाकार रोबोट 'व्योममित्रा' भी शामिल है।



### भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और स्वदेशी मिशन

इसरो प्रमुख ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का शुरुआती मॉड्यूल 2027 तक अंतरिक्ष में भेजा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2040 तक स्वदेशी मानवयुक्त चंद्र मिशन के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं, जिसके तहत नागरिकों को सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर भेजकर वापस लाना होगा। इसके अलावा, शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिए वीनस ऑर्बिटर मिशन को भी मंजूरी मिली है। इसरो गगनयान मिशन में लगातार नई प्रगति कर रहा है और कुछ नए प्रयोगों की योजना बनाई जा रही है।

### आगामी अंतरिक्ष मिशन और प्रगति

भारत की आगामी परियोजनाओं में चंद्रयान-4 और चंद्रयान-5, एक नया मंगल मिशन और एग्जियोम जैसे उच्च प्राथमिकता वाले खगोलीय वेधशाला मिशन शामिल हैं। आदित्य-एल1 मिशन ने अब तक 15 टेराबिट से अधिक सौर डेटा एकत्र किया है, जो सूर्य के कोरोना विस्फोट और अंतरिक्ष मौसम की जानकारी में मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्पष्ट रोडमैप और सुधारों के बाद भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र आत्मनिर्भर और जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ट्रंप ने चार्ली किर्क को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम दिया सम्मान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनके करीबी सहयोगी रहे और रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क को मरणोपरांत अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। अमेरिका के उटाह प्रांत में एक कॉलेज में 10 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। किर्क को मंगलवार को उनके जन्मदिन पर आयोजित समारोह में मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। यदि वह जीवित होते, तो यह उनका 32वां जन्मदिन होता। किर्क के अमेरिका के प्रशासन के साथ घनिष्ठ संबंध थे। वह राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम पाने वाले पहले व्यक्ति हैं।

### पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को सरकार का दिवाली तोहफा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाने वाली योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि करने को मंजूरी दी है। इस फैसले के बाद आश्रितों को शिक्षा, विवाह और निर्धनता अनुदान के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि दोगुनी हो गई है। संशोधित दरें आगामी एक नवम्बर से लागू होंगी।

### ईडी ने घर खरीदारों की 175 करोड़ रुपये की संपत्तियां लौटाईं

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 200 से अधिक उन घर खरीदारों को 175 करोड़ रुपये के फ्लैट, वाणिज्यिक इकाइयां और भूखंड लौटाए हैं, जो 12 साल से अधिक समय से अपने सपनों के घर का कब्जा पाने का इंतजार कर रहे थे। यह 354 फ्लैट, 17 वाणिज्यिक इकाइयों और दो भूखंडों की बिना बिक्री वाली सूची राजस्थान के उदयपुर में रॉयल राजविलास (आरआरवी) नामक एक परियोजना से संबंधित है। ईडी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि इस परियोजना का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 175 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि इस निर्णय से 12 साल से अधिक समय से पीड़ित 213 घर खरीदारों की मुश्किलें खत्म हो गईं, जो अपने जीवनभर की बचत निवेश कर चुके थे।

### केदार यात्रा को सुगम बनाने के लिए नया रोपवे बनाएगा अदाणी समूह

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने बुधवार को केदारनाथ धाम के लिए एक नए रोपवे के निर्माण की घोषणा की। इसका मुख्य उद्देश्य तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को आसान और सुरक्षित बनाना है। उन्होंने इस परियोजना का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त किया और सभी के लिए भगवान महादेव से आशीर्वाद की कामना की। गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान हो जाएगी। अदाणी समूह इस रोपवे के माध्यम से श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र प्रयास का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है।

## वंदे भारत 4.0 जल्द पटरियों पर : रेल मंत्री

एजेंसी | नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि वंदे भारत ट्रेन का नया वर्जन 4.0 जल्द पटरियों पर होगा। यह ट्रेन तकनीकी दृष्टि से विश्व की अन्य हाई-स्पीड ट्रेनों के स्तर को पूरा करेगी। मंत्री ने दावा किया कि नया संस्करण रफ्तार, कंपन, यात्रा समय और सुविधाओं में बेहतर साबित होगा।

रेल मंत्री ने यह बातें दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर कही। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी एशिया की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रेल प्रदर्शनी है। इसमें दुनिया के 15 से अधिक देशों की 400 से ज्यादा कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं।



### वैश्विक कंपनियों की भागीदारी

इस प्रदर्शनी में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, रूस, स्विट्ज़रलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका की कंपनियां शामिल हैं। ये कंपनियां अपनी नवीनतम तकनीक और उपकरणों के माध्यम से भारत की रेलवे प्रणाली को उन्नत बनाने में योगदान दे रही हैं।

### तेज पिकअप और उच्च गति

वैष्णव ने बताया कि वंदे भारत 4.0 को मौजूदा सर्वश्रेष्ठ वैश्विक ट्रेनों के स्तर से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए डिजाइन किया गया है। वर्तमान वंदे भारत 3.0 शून्य से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति 52 सेकंड में पकड़ लेती है, जो जापान और यूरोप की कुछ बेहतरीन ट्रेनों (54 सेकंड) से तेज है। नया संस्करण इस पिकअप क्षमता को और बढ़ाएगा।

वंदे भारत 4.0 में बेहतर मोटर तकनीक और हल्के डिजाइन के कारण उच्च गति कम समय में प्राप्त होगी। ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटा से बढ़ाई जा रही है। बोगियों में आवाज और कंपन कम करने के लिए ध्वनि-अवरोधक सामग्री और उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे यात्रा और भी आरामदायक होगी।

## फांसी की जगह जहर से मृत्युदंड की मांग

- केंद्र बदलने को तैयार नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फांसी की जगह मौत के लिए सुई (लीथल इंजेक्शन) के विकल्प का विरोध करने पर जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि सरकार समय के साथ बदलने को तैयार नहीं है। यह टिप्पणी उस वक्त आई जब केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा कि मौत की सजा भुगत रहे कैदियों को फांसी के बजाय मौत की सुई (लीथल इंजेक्शन) का विकल्प देना बहुत संभव नहीं है। बता दें कि मामले में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा ने याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि सजा पाए कैदी को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वे फांसी या मौत की सुई में से किसे चुनना चाहते हैं।

### वरिष्ठ अधिवक्ता ने अमेरिका का दिया उदाहरण



मामल में मल्होत्रा ने कहा कि अमेरिका के 50 राज्यों में से 49 ने मौत की सुई को अपनाया है क्योंकि यह तरीका तेज, मानवीय और उचित है, जबकि फांसी क्रूर है क्योंकि व्यक्ति की लाश रस्सी पर करीब 40 मिनट तक लटकी रहती है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के वकील से कहा कि वे सरकार को मल्होत्रा के प्रस्ताव पर सलाह दें। केंद्र के वकील ने कहा कि सरकार के लिए यह विकल्प देना संभव नहीं है और यह एक नीति निर्णय है। जस्टिस मेहता ने कहा कि समस्या यह है कि सरकार समय के साथ बदलने को तैयार नहीं है। समय के साथ चीजें बदल गई हैं। वहीं केंद्र की ओर से कहा गया कि सरकार इस मामले में एक समिति बनाने पर विचार कर रही है, जो मृत्यु दंड की प्रक्रिया की समीक्षा करे।

## भारत-इंडोनेशियाई नौसेना का समुद्री अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया की नौसेना 'समुद्र शक्ति 2025' के तहत विशाखापत्तनम में द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कर रही है। जिसका मकसद दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, आपसी समझ को मजबूत करना और सर्वोत्तम अभ्यास को साझा करना है। अधिकारियों ने बुधवार (15 अक्तूबर) को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय व इंडोनेशियाई नौसेना का यह 14 अक्टूबर से शुरू हुआ है, जो 17 अक्टूबर तक विशाखापत्तनम में चलेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इसमें भाग लेने वाली इकाइयों में पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के तत्वावधान में पूर्वी बेड़े का एक पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस कवरत्ती और एक हेलीकॉप्टर सहित इंडोनेशियाई नौसेना का एक युद्धपोत केआरआई जॉन लाइ शामिल हैं।

## जाल पहले बिछाया गया और एफआईआर बाद में दर्ज की गई : सीएम

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 2015 के नकदी के बदले वोट मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की ओर से की गई जालसाजी पूरी तरह गैरकानूनी थी। उनका तर्क था कि यह कार्रवाई बिना किसी प्राथमिकी के की गई थी।



### मामला और आरोप

रेड्डी उस समय तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सदस्य थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने 31 मई 2015 को 50 लाख रुपये रिश्वत देने की कोशिश की थी, ताकि एक नामित विधायक एल्विस स्टीफेंसन तेदेपा के उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी का समर्थन करें। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने रेवंत रेड्डी की ओर से कोर्ट में कहा कि जाल पहले बिछाया गया और प्राथमिकी बाद में दर्ज की गई। यह दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत अवैध है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 12 के तहत लगाए गए हैं, जबकि 2015 में यह धारा केवल रिश्वत लेने वालों पर लागू थी, देने वालों पर नहीं।

### पिछली कार्रवाई और सबूत

2015 में जुलाई में एसीबी ने रेवंत रेड्डी और अन्य पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। एसीबी ने दावा किया कि उनके पास ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग सहित ठोस सबूत हैं।

### सरकारी ड्यूटी का मुद्दा

रोहतगी ने आगे तर्क दिया कि धारा 7, 11 और 12 केवल सरकारी कर्मचारियों के सरकारी कर्तव्यों से जुड़े कामों पर लागू होती हैं। किसी व्यक्ति का वोट देना या चुनाव में भाग लेना, कानून के अनुसार सरकारी ड्यूटी नहीं माना जाता। मामले पर सुनवाई अभी अधूरी है और इसे कल भी जारी रखा जाएगा।

## जुबिन गर्ग के मामले में पुलिस-पब्लिक में खूनी भिड़ंत




**बक्सा।** असम के बक्सा जिले में बुधवार को उस समय भारी तनाव उत्पन्न हो गया, जब प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को पुलिस जेल से अदालत ले जा रही थी। तभी सैकड़ों लोग अचानक सड़क पर जमा हो गए और पाँचों आरोपियों को ले जा रहे पुलिस काफिले पर पथराव करना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवा में गोलियां चलानी पड़ीं और लाठीचार्ज भी करना पड़ा। दरअसल, जुबिन गर्ग केस की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) बुधवार की सुबह अदालत में पेशी के लिए पाँचों आरोपियों को जेल से लेकर जा रही थी, तभी आक्रोशित लोगों ने जुबिन को न्याय दिलाने की मांग करते हुए जेल के बाहर पुलिस से उन आरोपियों को सौंपने की मांग की और देखते ही देखते भीड़ पुलिस दल पर पथराव करने लगी।

### पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे

उग्र भीड़ ने मौके पर पुलिस और नागरिकों के कई वाहनों में आग भी लगा दी। उन्हें नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, लेकिन भीड़ तितर-बितर नहीं हो पाई। उग्र भीड़ के पथराव में कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। बाद में पुलिस ने दो प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में लोगों के दबाव के कारण रिहा कर दिया गया।

### एक पत्रकार समेत कई पुलिसकर्मी जख्मी

इस घटना में पुलिस के तीन वाहन जलकर राख हो गए हैं, जबकि एक पत्रकार समेत कई पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं। बाद में पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद पाँचों को कड़ी सुरक्षा के बीच फिर से बक्सा ज़िला जेल ले जाया गया। हिंसा के बाद बक्सा जेल के पास और मुशालपुर शहर में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और आगे किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए आरएएफ कर्मियों को तैनात किया गया है।

**सरकार की सख्ती** जांच-निगरानी होगी कड़ी, मसौदा तैयार

## दवा-सौंदर्य प्रसाधन पर सख्त कानून ला रही मोदी सरकार

एजेंसी | नई दिल्ली

कई राज्यों में दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामलों के बाद केंद्र सरकार दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, 'औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 2025' का मसौदा मोदी सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश कर सकती है।



### कानून बनाने का उद्देश्य

इस कानून का उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों, दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के गुणवत्ता परीक्षण और बाजार निगरानी के लिए कानूनी ढांचे को मजबूत करना है। देश में इन उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता पर सख्त नियंत्रण की मांग लगातार बढ़ रही है, खासकर ऐसे मामलों के बाद जहां बच्चों की जान चली गई। कानून का मसौदा तैयार करने के पीछे एक प्रमुख कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) सहित अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियामकों द्वारा भारतीय दवा निर्माताओं की गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियों को लेकर बार-बार की गई शिकायतें और चिंताएं हैं।

### उच्च-स्तरीय बैठक और मसौदा प्रस्तुति

14 अक्टूबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक उच्च-स्तरीय बैठक में भारतीय औषधि महानियंत्रक (DCGI) डॉ. राजीव रघुवंशी ने मसौदा पेश किया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की। बैठक में DCGI और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तावित कानून की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

### दूषित कफ सिरप के हालिया मामलों का प्रभाव

यह बैठक मध्य प्रदेश में दूषित कफ सिरप के कारण कई बच्चों की मौत के कुछ दिनों बाद हुई। यह घटनाएँ केंद्र सरकार के लिए कानून बनाने में और भी अधिक जरूरी और तात्कालिक बन गई हैं, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके और दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### तत्काल कार्रवाई का मिलेगा वैधानिक अधिकार

सूत्रों ने बताया कि स्वीकृत होने के बाद नया कानून सीडीएससीओ अधिकारियों को घरेलू उपयोग और निर्यात दोनों के लिए भारत में निर्मित दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी सुनिश्चित करने का वैधानिक अधिकार प्रदान करेगा। बताया जा रहा है कि नए कानून के तहत, सीडीएससीओ को पहली बार नकली या घटिया दवाओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए वैधानिक अधिकार प्रदान किए जाएंगे।

### नया कानून अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित

इसी के साथ लाइसेंसिंग प्रक्रिया को डिजिटल बनाने, राज्य-स्तरीय नियामकों के बीच समन्वय बढ़ाने और परीक्षण प्रयोगशालाओं की क्षमताओं को उन्नत करने के प्रावधान भी शामिल होंगे। बता दें कि यह नया कानून 1940 के औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का स्थान लेगा और इसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।